


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 193- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

# तालिबान ने किया कंधार पर कब्जा, काबुल भी दूर नहीं

## अफगान सरकार के हाथ से निकलीं 13 राजधानियां, भारत ने जारी की एडवाइजरी

**काबुल।** अफगानिस्तान की जमीं से अमेरिका की सेना की रवानगी के साथ ही तालिबान के हौंसले बढ़ गए हैं। आतंकी संगठन ने एक के बाद एक शहर पर केजा करना शुरू कर दिया है। ताजा खबर है कि तालिबान ने अफगानिस्तान के दूसरे सबसे बड़े शहर कंधार पर केजा कर लिया है। एक ट्वीट कर संगठन ने यह दावा किया। समाचार एजेंसी एएफपी ने इसकी पुष्टि की है। इस बीच, भारत ने अफगानिस्तान में रह रहे सिखों और हिंदुओं से कहा है कि वे देश छोड़ दें और किसी तरह की मदद चाहिए तो भारत से सेपर्क करें। वहीं अमेरिका समेत अन्य देशों ने भी अपने नागरिकों को वहां से से निकालने की कवायद शुरू कर दी है। तालिबान के लड़ाकों की नजर अब राजधानी काबुल पर है। अफगानिस्तान में कंधार के बाद काबुल ही सबसे बड़ा शहर आता है। जब से अमेरिकी सेना अफगानिस्तान से वापस आई है, तब से ही तालिबान पूरी ताकत के साथ इस पर अपना हक जमाने में लगा हुआ है। अपनी इसी कोशिशों के चलते उसने अब तक कई इलाकों में केजा कर लिया है। कंधार पर स्थायित्व जमाने से पहले गुरूवार को तालिबान ने दो और प्रांतीय राजधानी गजनी और हेरात पर केजा कर लिया था। उसके बाद काबुल पर केजा करना तालिबान के लिए एक बड़ी उपलेंधि है। इस प्रकार से ये आंतकी संगठन ने अब तक 12 प्रांतीय राजधानियों पर केजा कर लिया है।



### कंधार के बाद तालिबान का अगला टारगेट

कंधार पर केजा कर लेने के बाद जाहिर सी बात है, अब तालिबान आतंकियों का अगला टारगेट काबुल ही रहने वाला है। इस आतंकी संगठन की अगर बात करें तो यह महज काबुल से 130 किलोमीटर की दूरी पर ही है। अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट से ये भी पता चलता है कि तालिबान काबुल पर केजा करने में ज्यादा समय नहीं गवाएंगा वह मात्र एक महीने के भीतर ही उसे घेर लेगा और 3 महीने के अंदर उस पर अपना केजा जमा लेगा। अफगानिस्तान के प्रांत गजनी पर तालिबान के केजे के साथ ही काबुल को दक्षिणी प्रांतों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण हाईवे कट गया है। इसे लेकर स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि गजनी शहर के बाहर स्थित एक सैन्य दल और खुफिया ठिकाने पर लड़ाई चल रही है।

### गनी के राष्ट्रपति रहते समझौता नहीं

अफगानिस्तान में जारी संघर्ष के बीच पाक पीएम इमरान खान ने कहा है कि जब तक अशरफ गनी देश के राष्ट्रपति रहेंगे तब तक आतंकी गुट अफगानिस्तान सरकार से बात नहीं करेगा। उन्होंने अपने मन की बात रखते हुए कहा कि मौजूदा हालात में राजनीतिक समझौता मुश्किल दिख रहा है। उन्होंने कहा, मैंने तालिबान को मनाने की कोशिश की थी लेकिन उन्होंने कहा कि गनी के होते हम बात नहीं कर सकते।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

अफगानिस्तान में बचे भारतीयों के लिए भारत सरकार ने गुरुवार को एक और एडवाइजरी जारी की। काबुल स्थित भारतीय दूतावास की तरफ से जारी इस एडवाइजरी में सभी भारतीयों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। इसके अलावा भारतीयों को काबुल स्थित भारतीय दूतावास में रजिस्टर करवाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भारत से अफगानिस्तान जाने वाले मीडियाकर्मियों को भी आगाह किया गया है। इसमें कहा गया है कि उड़ानें बंद होने से पहले भारतीय नागरिक वतन लौटने के तुरंत इंतजाम करें। भारतीय कंपनियां भी अपने कर्मचारियों को वापस भेज दें। अफगानिस्तान में तेजी से बदल रहे हालात के मद्देनजर अमेरिका काबुल में दूतावास से कुछ और कर्मियों को वापस लाने के लिए अतिरिक्त सैनिक भेजने वाला है।

## जबलपुर व इंदौर आईजी समेत

# 110 IPS अफसरों को कर्मवीर योद्धा पदक


जबलपुर आईजी भगवत सिंह चौहान


इंदौर आईजी हरिनारायणचारी मिश्रा

**भोपाल।** कोरोना की पहली लहर में अपनी जान की परवाह किए बगैर मैदान में काम करने वाले 39 हजार से ज्यादा पुलिस अफसर और कर्मियों को कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित किया जाएगा। मध्य प्रदेश गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें इंदौर आईजी हरिनारायणचारी मिश्रा, जबलपुर आईजी भगवत सिंह चौहान, डीआईजी मनीष कपूरिया, भोपाल डीआईजी इरशाद वली, खरगौन एसपी शैलेंद्र चौहान, छिंदवाड़ा एसपी विवेक अग्रवाल, इंदौर पश्चिम एसपी महेश चंद्र जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी, संजय अग्रवाल, एएसपी गोपाल खांडेल, सीएसपी अखिलेश गौर सहित 110 आईपीएस अफसरों को भी यह मेडल दिया जाएगा।

यह अवार्ड मार्च से जून 2020 तक की अवधि के काम पर दिया जाएगा। प्रदेश में पुलिस अफसरों और पुलिस कर्मियों का सेमान किया जा रहा है। एडीजी प्रशासन डी श्रीनिवास राव ने बताया कि कोरोना की पहली लहर में जनहित में बेहतर काम करने वालों को यह मेडल दिए जाने का ऐलान हुआ है। प्रदेशभर के आईपीएस से लेकर आरक्षक तक के 39 हजार 185 लोगों को यह पदक दिया जाएगा। पदक के साथ सभी को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। फिलहाल पदक दिए जाने का कार्यक्रम तय किया जा रहा है, यह पदक कब दिए जाएंगे इसे जल्द तय कर लिया जाएगा। जारी सूची में उनका दोनों डीआईजी रेंज से नाम है। एसपीएस को भी मिला पदक पुलिस मुयालय की योजना शाखा में पदस्थ रहने के दौरान एआईजी मनोज केडिया, रामसनेही मिश्रा, विक्रांत मुराव, संदीप दीक्षित, राजेश सिंह भदौरिया सहित 38 एआईजी को दिया गया है। उस वक्त जिलों में पदस्थ रहे एएसपी को भी यह पदक दिया जाएगा। पिछले साल मार्च से जून तक फील्ड में तैनात हर अफसर को पुरस्कार पिछले साल मार्च से जून तक जो अफसर फील्ड में पदस्थ रहे उन सभी को यह पदक दिया जाएगा। इसमें भोपाल जोन के एडीजी उपेंद्र जैन, ग्वालियर जोन के राजाबाबू सिंह, चंबल जोन के डीपी गुप्ता, इंदौर जोन के आईजी विवेक शर्मा, जबलपुर के आईजी बीएस चौहान, आईजी चंबल मनोज शर्मा, उज्जैन आईजी राकेश गुप्ता, रीवा आईजी चंचल शेखर, सागर आईजी अनिल कुमार शर्मा, बालाघाट एडीजी केपी व्यंकटेश्वर राव, शहडोल एडीजी जी जर्नादन को दिया जाएगा। इसी तरह आईजी एसएएफ ग्वालियर जोन संतोष कुमार सिंह, इंदौर आईजी हरिनारायणचारी मिश्रा, डीआईजी भोपाल इरशाद वली, उस वक्त इंदौर ग्रामीण रेंज में पदस्थ रहे सुशांत सेसेना, होशंगाबाद में डीआईजी रहे अरविंद सेसेना, चंबल डीआईजी रहे राजेश हिंगणकर, तत्कालीन दमोह एसपी हेमंत चौहान, तत्कालीन आगर एसपी मनोज कुमार सिंह, बालाघाट एसपी अभिषेक तिवारी, तत्कालीन भोपाल उेार एसपी शैलेंद्र चौहान, छिंदवाड़ा एसपी विवेक अग्रवाल, गुना एसपी तरुण नायक, ग्वालियर एसपी नवनीत भसीन, होशंगाबाद एसपी संतोष सिंह गौर, इंदौर पश्चिम एसपी महेश चंद्र जैन, कटनी एसपी ललित शो यवार, मुरैना एसपी असित यादव, रायसेन एसपी मोनिका शु ला, रतालम एसपी गौरव तिवारी, शिवपुरी एसपी राजेश सिंह चंदेल, उज्जैन एसपी सचिन अतुलकर, विदिशा एसपी विनायक वर्मा, 23वीं वाहिनी कमांडेंट सिमाला प्रसाद सहित 110 आईपीएस अफसरों को यह पदक दिया जाएगा।

### 39 हजार 185 को मिलेगा पदक

## Twitter vs Congress

# राहुल गांधी के फेसबुक और इंस्टा अकाउंट भी हो सकते हैं ब्लॉक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेप पीड़िता के परिवार की तस्वीर शेयर कर राहुल गांधी बुरी तरह फंस गए हैं। माइक्रो ेलॉगिंग साइट पहली ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का ट्विटर अकाउंट अस्थायी तौर पर बंद कर चुकी है। ताजा खबर यह है कि राहुल गांधी का फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट भी लॉक किया जा सकता है। द नेशनल कमीशन ऑफ प्रोटेशन ऑफ चाइल्ड राइट्स यानी एनसीपीसीआर ने फेसबुक और इंस्टाग्राम को चिट्ठी लिखकर मांग की है कि राहुल गांधी के इन प्लेटफॉर्म पर बने अकाउंट्स भी बंद कर दिए जाए। ेयोंकि राहुल गांधी ने जो आपेंजिनक फोटो ट्विटर पर पोस्ट की थी, वो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट किए हैं। यही नहीं, एनसीपीसीआर ने राहुल गांधी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। आरोप है कि राहुल गांधी ने ये फोटो जारी कर पोस्को ऐेट का उल्लंघन किया है।इस बीच, शुक्रवार सुबह राहुल गांधी ने यूट्युब पर एक वीडियो जारी कर ट्विटर की कार्रवाई का विरोध किया। राहुल गांधी ने कहा, एक कंपनी हमारी राजनीति को परिभाषित करने की कोशिश कर रही और एक राजनेता के रूप में मुझे यह पसंद नहीं है।

## फटाफट खबरें



### घर के बाहर कूड़े के ढेर से मिला ग्रेनेड

**अमृतसर।** यहां के रंजीत एवेन्यू में घर के सामने कूड़े के ढेर में एक बमनुमा चीज मिलने से सनसनी फैल गई। इसे ग्रेनेड बताया जा रहा है। रंजीत एवेन्यू अमृतसर के पॉश इलाकों में शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर डॉ. सुखचैन सिंह गिल और डीसीपी मुखविंदर सिंह भुल्लर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। इसके अलावा सूचना मिलते ही मौके पर बम निरोधक दस्ता भी पहुंच गया है।

### बेटे जहांगीर के साथ दिखीं करीना



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने बेटे जहांगीर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। हालांकि, उनकी इस फोटो में बेटे जेह का चेहरा नजर नहीं आ रहा है। लेकिन, इस फोटो को शेयर करके करीना ने यह बात जता दी है कि उनको ट्रोलर से कोई फर्क नहीं पड़ता है। आपको बता दें कि जब से करीना के दूसरे बेटे का नाम जहांगीर होने का पता चला है, तब से ही सोशल मीडिया पर उनको और उनके पति को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

## कोरोना के खिलाफ भारत की जंग में रूसी वैक्सीन

# अगले महीने से बनेगी सिंगल डोज स्पूतनिक लाइट वैक्सीन, 750 रुपये में लगेगा टीका

**नई दिल्ली।** कोरोना के खिलाफ भारत की जंग को जल्द ही मजबूती मिलने वाली है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो सिंगल डोज वाली स्पूतनिक लाइट वैक्सीन का उत्पादन सितंबर से भारत में ही शुरू हो जाएगा और 750 रुपये में लोगों को इसकी खुराक मिलना भी शुरू हो जाएगी। भारत में इसका उत्पादन करने वाली पनेसिया बायोटक ने ड्रग रेगुलेटर से इसके आपातकालीन इस्तेमाल की इजाजत मांगी है। बता दें कि पनेसिया व रशियन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट फंड के बीच पहले ही करार हो चुका है। जुलाई में पनेसिया बायोटेक को स्पूतनिक लाइट का लाइसेंस भी मिल चुका है। हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित प्लांट में यह वैक्सनी बनाई गई थी, जो क्वालिटी चेक में सफल हुई है। इसके साथ ही सेंट्रल ड्रग लैबोरेटरी ने भी इसे मंजूरी दे दी है। अब अगर ड्रग रेगुलेटर इसके आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति देते हैं तो पनेसिया बायोटक हर साल 10 करोड़ वैक्सीन बनाना शुरू कर देगी।

## दिन दहाड़े किन्नर को गोलियों से भूना

**बिजनौर।** उेार प्रदेश के बिजनौर में अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार काको दिन निकलते ही एक किन्नर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वहीं किन्नरों ने हत्या को लेकर हंगामा कर दिया, जिसके बाद भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# लाहौल में अब टूटा पहाड़ः चंद्रभागा नदी का बहाव रुका, गांव छोड़ कर भागे लोग



**उदयपुर, लाहौल-स्पीति।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के लिए इस बार बरसात आफत बन गई है। सूबे के अब जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल के नालडा के सामने पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर चंद्रभागा नदी में गिर गया है। जिससे नदी का बहाव रुक गया और क्षेत्र के कई गांवों को खतरा पैदा हो गया है। चंद्रभागा नदी का बहाव रूकने से जूंडा, तडंग और जसरथ गांव की सैकड़ों बीघा जमीन फसल के साथ जलमग्न हो गई है। जसरथ और तंडग गांव के लोग अपनी जान बचाने के लिए घर छोड़कर भागे। स्थिति अभी भी सामान्य नहीं हुई है। जसरथ गांव अभी भी खतरे की जद में है। जसरथ पुल के एक छोर तक पानी पहुंच गया है। सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। पानी का बहाव रूकने के बाद जिस तरह से स्थिति बनी हुई है। अगर यह पानी का रूकाव अचानक टूट गया तो लाहौल के कई गांवों के साथ पुलों को खतरा हो सकता है। इधर स्थिति को देखते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. राम लाल मारकंडा शिमला में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे हैं। पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मानव वर्मा ने घाटी के सभी प्रधानों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है।

# मुंबई के बाद डेल्टा प्लस वैरिएंट से रायगढ़ में भी मौत

**गोबिंदगढ़।** मुंबई के बाद रायगढ़ में भी डेल्टा प्लस वैरिएंट से मौत का मामला सामने आया है। इसके बाद महाराष्ट्र में कोरोना के इस वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। रायगढ़ कलेक्टर निधि चौधरी ने बताया कि नागोथाने इलाके में 69 वर्षीय व्यक्ति की मौत डेल्टा प्लस वैरिएंट से हुई है। इससे पहले मुंबई के घाटकोपर में 63 वर्षीय महिला की मौत का मामला भी सामने आया था, उसकी मौत की पुष्टि भी डेल्टा प्लस वैरिएंट से हुई है। वहीं महाराष्ट्र के रत्नागिरी में भी 13 जून को 80 वर्षीय महिला की मौत भी डेल्टा प्लस वैरिएंट की वजह से हुई थी। खास बात यह है कि मुंबई में डेल्टा प्लस वैरिएंट से मरने वाली महिला वैक्सीन के दोनों डोज ले चुकी थी। इसके बाद भी उसे फेफड़ों व सांस लेने में समस्या हुई, 21 जुलाई को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई और 24 जुलाई को वह अस्पताल में भर्ती हुई, जहां तीन दिन बाद उसकी मौत हो गई। 11 अगस्त को राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला में डेल्टा प्लस वैरिएंट की जानकारी बृहन्मुंबई महानगर पालिका को दी गई।

# नेता पुत्रों के कारण महाकाल मंदिर में हंगामा

## मंदिर के गेट बंद करने से पुजारियों ने जताया गुस्सा



**उज्जैन।** भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय, विधायक पुत्र आकाश व रमेश मेंदोला के साथ शुक्रवार अलसुबह महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। उनके साथ कुछ वीआइपी भी थे। इस दौरान प्रशासन ने सभी गेटों को बंद कर दिया था। भस्मारती के लिए जब मुख्य पुजारी व अन्य पुजारी गेट पर पहुंचे तो इन्हें जाने नहीं दिया गया। इस पर पुजारियों ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि इस कारण से भस्मारती आधे घंटे विलंब से हुई। मामले में मंदिर प्रशासक व अधिकारी कुछ भी कहने से बचते रहे। इस मामले में फि?लहाल विजयवर्गीय की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। विजयवर्गीय अपने पुत्र आकाश और रमेश मेंदोला के साथ नागपंचमी के दिन भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। उनके मंदिर में प्रवेश के बाद प्रशासन ने सभी गेट बंद कर दिए। सुबह 4 बजे भस्म आरती करने पुजारी गेट नंबर चार पर पहुंचे तो उन्हें रोक दिया गया। पुजारियों का कहना है कि प्रशासन ने गर्भगृह में प्रवेश पर पाबंदी लगा रखी है। भस्मारती में भी अन्य सभी लोगों का प्रवेश वर्जित है। ऐसे में नेताओं को प्रवेश कैसे दिया गया।

# 15 अगस्त पर थी बड़े हमले की साजिश, आतंकी उस्मान ढेर



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कुलगाम एनकाउंटर में पाकिस्तान मूल के लश्कर के बड़े आतंकी को ढेर कर दिया है। यह मुठभेड़ गुरुवार से चल रही थी। मारे गए आतंकी का नाम उस्मान बताया गया है जिसकी सेना को करीब 6 माह से तलाश थी। मुठभेड़ में जेमू-कश्मीर पुलिस ने भी अहम भूमिका निभाई। आतंकी की ओर से की गई गोलीबरी में 2 जवानों समेत कुल 4 लोग घायल हुए हैं। पूरे घटनाक्रम के बारे में जेमू कश्मीर पुलिस के आईजी विजय चौधरी ने बताया कि 15 अगस्त से पहले आतंकी बड़ी वारदात को अंजाम देना चाहते थे। उनके मुताबिक, आतंकियों के केजे से मिले गोला-बारूद को देखते हुए कहा जा सकता है कि यह बहुत बड़ी साजिश थी, जिसे नाकाम कर दिया गया है।




# नागपंचमी | मध्य रात्रि खुले उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट

**उज्जैन।**

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के शिखर पर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट नागपंचमी के लिए गुरुवार-शुक्रवार की दरमियान रात 12.20 बजे खोले गए। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े के साधु संत तथा मंदिर प्रशासक ने भगवान नागचंद्रेश्वर की पूजा अर्चना की। भक्तों को शुक्रवार मध्यरात्रि 12 बजे तक भगवान नागचंद्रेश्वर के इंटरनेट माध्यमों पर आनलाइन दर्शन होंगे। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के बाहर मेगा स्क्रीन भी लगाई जाएगी। मंदिर की परंपरा अनुसार नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर की त्रिकाल पूजा की जाती है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात पट खुलने पर प्रथम पूजा के बाद शुक्रवार दोपहर 12 बजे शासकीय पूजा होगी।

### रात 12 बजे आरती के बाद फिर बंद कर दिए जाएंगे पट

शाम 7.30 बजे भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद महाकाल मंदिर के पुजारी, पुरोहित मंदिर समिति की ओर से पूजन करेंगे। शुक्रवार रात 12 बजे आरती के उपरांत एक साल के लिए पुनः मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। नागपंचमी की पूर्व रात को भगवान महाकाल को भी शेषनाग रूप में सजाया गया। बड़ी सेंया में श्रद्धालु



मंदिर दर्शनों के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमण के चलते नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर के सामान्य दर्शन बंद रहेंगे। किसी भी दर्शनार्थी को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। श्रद्धालु मंदिर की वेबसाइट व अन्य इंटरनेट माध्यमों के जरिए घर बैठे भगवान के दर्शन कर सकेंगे। प्रशासक नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया नागपंचमी पर महाकाल दर्शन करने के इच्छुक भक्तों को अग्रिम बुकिंग कराना अनिवार्य रहेगा।

### महाकाल दर्शन के लिए चारधाम मंदिर से प्रवेश

नागपंचमी पर भगवान महाकाल के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को चारधाम मंदिर के सामने से प्रवेश दिया जाएगा। दर्शनार्थियों को दर्शन की अग्रिम बुकिंग कराना अनिवार्य है। भक्तों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार के समीप निःशुल्क जूता स्टैंड, ेलाक रूम, लड्डू प्रसाद काउंटर आदि की सुविधा उपलेध रहेगी। मंदिर के अन्नक्षेत्र में बाहर से आने वाले दर्शनार्थी निःशुल्क भोजन प्रसादी ग्रहण कर सकते हैं।





# संतान प्राप्ति , सुख-शांति के लिए करें शहद मिश्रित गंगा जल से अभिषेक

**जबलपुर,यशभारत।** माँ चण्डी दरबार श्री माँ कृपाआगारिणी वैदिक संस्थानम में नित्य चल रहे शिवशक्ति पार्थिव पूजन में अभिषेक करने के पूर्व सभी को शिवार्चन से प्राप्त फल की जानकारी देते हुए आचार्य श्रीकांत भार्गव ने बताया कि संतान प्राप्ति व पारिवारिक सुख शांति हेतु शहद मिश्रित गंगा जल से शिव भक्त शिव जी की कृपा प्राप्त कर सकते है। **शिवार्चन विधि** – सबसे पहले वेद पाठी ब्राम्हण द्वारा श्री गणेश जी व माता गौरी जी का पूजन कर भगवान शिव के 'चंद्रमौलेश्वर' स्वरुप का मानसिक ध्यान कर , ताम्बे के पात्र में शहद मिश्रित गंगा जल भर कर पात्र को चारों और से कुमकुम का तिलक करें, चन्द्रमसे नम: का जाप करते हुए पात्र पर मौली बाधें, पंचाक्षरी मंत्र नम:शिवाय' का जाप करते हुए फूलों की कुछ पंखुडियां अर्पित करें, शिवलिंग पर शहद मिश्रित गंगा जल की पतली धार बनाते हुए–रुद्राभिषेक करें अभिषेक करते हुए – वं चन्द्रमौलेश्वराय स्वाहा' का जाप करें शिवलिंग पर स्वच्छ जल से भी अभिषेक करें व उसके उपरांत उत्तर पूजन संकल्प कर प्रभु का श्रृंगार करें व आरती कर पुष्पांजलि व संतान प्राप्ति व पारिवारिक सुख शांति की शिवजी से प्रार्थना करें ।

# मानसून ने फिर ब्रेक ले लिया

**जबलपुर,यशभारत।** कोई भी वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। मानसून ट्रफ का पूर्वी छोर भी हिमालय की तराई में पहुंच गया है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर लगभग थम गया है। यानी मानसून ने फिर ब्रेक ले लिया है। जुलाई के बाद यह दूसरी बार है, जब मानसूनी एक्टिविटी रुकी है। सिस्टम के हिमालय के तराई के इलाकों में जाने के कारण बारिश का दौर अभी थम गया है। अगले चार-पांच दिन तक इसी तरह धूप निकलेगी और शाम और रात में हल्की बारिश होगी। बादलों और धूप की आंख मिचौली के कारण दिन के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई। मानसून सीजन में अब उमस हावी हो गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी चार दिन तक तेज बौछारें पड़ने के आसार कम हैं। हालांकि वातावरण में नमी मौजूद रहने के कारण कहीं-कहीं कुछ बारिश हो सकती हैं। 15 अगस्त को एक ऊपरी हवा का चक्रवात बंगाल की खाड़ी में बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से 17 अगस्त में कुछ जिलों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.9 डिग्रीसे. रहा जो सामान्य से 3 डिसे अधिक रहा। आज का न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। कि वर्तमान में मप्र में किसी वेदर स्स्टिम के नहीं रहने से अभी चार दिन तक तेज बौछारें पड़ने की संभावना नहीं है।

**बढ़ा तापमान, उमस ने किया परेशान**



# नागपंचमी : सुख समृद्धि की कामना

**जबलपुर, यश भारत।** नाग देवता के पूजन का महापर्व नाग पंचमी आज हस्त-चित्रा नक्षत्र और रवि योग के त्रिवेणी संयोग में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए भक्त पूजा-अर्चना कर कालसर्प दोष से मुक्ति के साथ ही नाग देवता से सुख-समृद्धि की कामना करेरहे हैं। मंदिरों पर नाग प्रतिमाओं का अभिषेक पूजन चल रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल की नागपंचमी पर एक विशेष संयोग पूरे 108 साल बाद बना है। राहु-केतु और काल सर्प दोष से जुड़ा ये महासंयोग कुछ रशियों के लिए हितकारी साबित होने वाला है। इसके अलावा काल सर्प दोष से मुक्ति के लिए परिगणित और शिन नामक नक्षत्र भी लग रहा है। मेष, वृषभ, कर्क और मकर राशि के जातकों को धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। ज्योतिर्विदों के मुताबिक श्रावण शुक्ल पंचमी शुक्रवार को दोपहर 1.42 बजे तकथी। इस दिन कार्य में सिद्धि देने वाला रवि योग सुबह 6.58 से शुरू हुआ जो अगले दिन 14 अगस्त को सुबह 6.57 बजे तक रहेगा। इसके अतिरिक्त नाग पंचमी के दिन सुबह 9.07 तक हस्त नक्षत्र रहा। इसके बाद चित्रा नक्षत्र प्रारंभ हो गया। जो अगले दिन 14 अगस्त को सुबह 7-57 बजे तक रहेगा। त्योहारों की गाइडलाइन पहले ही जारी कर दी गई है लिहाजा अखाड़ों में कुश्तियांऔर बाजी के करतब नहीं होंगे । शहर के अति प्राचीन और प्रसिद्ध नाग मंदिर ग्वारीघाट में विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए हैं । अखाड़ों में भी विशेष पूजा अर्चना की गई । आज लोग नाग देवता के दर्शन के लिए परेशान होते रहे । इक्का-दुक्का सपेरे झोली में टोकरी रखकर छुपते छुपाते घूम रहे हैं । लोग घरों में ही नाग देवता की आकृति बनाकर पूजन अर्चन कर रहे हैं इस बार भी कोरोना के कारण ये सपेरे सड़कों पर नहीं दिख। नागपंचमी पर सपेरों को सांप पकड़ कर शहर में लाने तथा नागों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी ।हालांकि जिन घरों में पूजन होता है वे सांप की आकृति बनाकर पूजन कर लेते हैं। वहीं शहर के शिव मंदिरों में पूजन करने के लिए भी भक्त पहुंच रहे है। **फोटो– अशोक बर्मन**

**मंदिरों में अनुष्ठान, घरों में नागदेवता की पूजा**

## वैक्सीनेशन महाअभियान

# 31 अगस्त के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गठित की टीमें

जबलपुर, यशभारत। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन महाअभियान चल रहा है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने 12 से 31 अगस्त वैक्सीनेशन के लिए 200 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की है। वैक्सीनेशन कार्य में तैनात किए गए अधिकारी-कर्मचारियों से कहा गया कि इस महाअभियान को सफल बनाने में लगनता से कार्य करें।



## टीमों को यह मिली जिम्मेदारी

■ दलों के केन्द्र प्रभारी अपने टीकाकरण केन्द्र के समस्त व् यवस्थाओं हेतं उत्तरदायी होंगे। केन्द्र प्रभारी टीकाकरण हेतु आये व्यक्तियों की लाइन लगवाने सोशल डिस्टेंपिंग का पालन करवाने, टीकाकरण टीम हेतु पानी आदि की व् यवस्था करेंगे। ■ यदि टीकाकरण की गति धीमी है , तो इसकी सूचना वरिष्ठों देनी होगी। ■ केन्द्र प्रभारी उनके वार्ड के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों छात्र परिवार के सदस्यों को टीकाकरण हेतु प्रेषित करेंगे ■ इसके लिए अपने वार्ड के अंतर्गत आने वाले स्कूल प्राचा यों व शिक्षकों से समन्वय बनाएंगे। : ■ प्रत्येक स्कूल के प्राचार्य का दायित्व होगा कि वे अपने विद्यार्थियों के अभिभावकों का पूर्णत- टीकाकरण करान सुनिश्चित करें। प्रत्येक वार्ड में आने वाले समस्त स्कूल प्राचार्य संबंि धत वार्ड के केन्द्र प्रभारी समन्वय बनाएंगे ■ स्वास्थ् य प्रभारी टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण दल के पहुंचने के समय की जानकारी भरेंगे , वे गूगल शीट में प्रात:10 बजे से वैक्सीनेशन की शुरूआत के उपरांत प्रत्येक घंटे में कितने टीके लगे उसकी जानकारी भरकर भेजने के लि ए उत्तरदाय ी होंगे। ■ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रभारी उनके वार्ड के अंतर्गत आने वाली समस्त आंगनवाड़ी में अध्यनरत बच्चों के परिवार के समसत सदस्यों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करेंगी। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से केंद्र प्रभारी समन्वय बनाएंगे।

# पेईंग गेस्ट ,नौकरों की सूचना थाने को देना अनिवार्य

## होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की भी देना होगी जानकारी

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने लोकहित एवं नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले में स्थित सभी होटलों, लॉज और धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों की सूचना प्रतिदिन संबंधित पुलिस थाने में देना होटल एवं लॉज मालिक के लिए अनिवार्य कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि होटल, लॉज एवं धर्मशाला के मालिकों को ठहरने वाले हर व्यक्ति से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेना होगा तथा उनकी सूची प्रतिदिन संबंधित पुलिस थाने को देना होगी ।आदेश में घरेलू एवं व्यावसायिक नौकरों को रखने की सूचना भी पुलिस थाने में देना जरूरी कर दिया गया है। पुलिस को सूचना देने के बाद ही घरेलू एवं व्यावसायिक नौकरों को रखा जा सकेगा। आदेश के मुताबिक पूर्व से रखे गये घरेलू एवं व्यावसायिक नौकरों की जानकारी भी जल्द से जल्द पुलिस थाने में देना होगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में पेईंग गेस्ट या किरायेदार रखने के पहले मकान मालिक को इसकी सूचना पुलिस को देना होगी। पुलिस को सूचना देने के बाद ही पेईंग गेस्ट को रखा जा सकेगा। जिन्हें पूर्व में ही रखा जा चुका है उसकी सूचना भी तत्काल पुलिस थाने को मकान मालिक को देना अनिवार्य किया गया है ।आदेश में जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सअप जैसे सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर साम्प्रदायिक वैमनस्यता पैदा करने वाले, आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाले फोटो, चित्र, वीडियो एवं मैसेज पोस्ट करने फारवर्ड करने, लाइक करने और इन पर कमेंट्स करे को भी प्रतिबंधित किया गया है। संबंधित अधिकारियों को सोशल मीडिया के सभी माध्यमों पर विशेष निगाह रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। आदेश में पशुपालकों को अपने पशुओं को खुले तौर पर सड़कों पर न छोडने की हिदायत भी दी गई है। पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ही रखने तथा उनके खान-पान की व्यवस्था पशुपालकों, संबंधित व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को ही करने के निर्देश दिये गये हैं ।जिला दंडाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया गया प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से संपूर्ण जिले में लागू हो गया है और आगामी दो माह तक यह प्रभावी रहेगा। आदेश में इसका उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम के तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।



# गौरी शंकर मंदिर में नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस मनाया



जबलपुर। नागपंचमी पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर शिव जी के साथ ही नाग देवता की भी विशेष पूजा की जाती है। नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस पर भगवान श्री गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट पान दरीबा में पूजन- अर्चन किया। परम्परा अनुसार चौरसिया समाज के पान कृषक नागपंचमी पर पान बरेजों में नागबेली अर्थात पान की पूजा विधि विधान से करते है। इस अवसर पर विधायक विनय सक्सेना, योगेश चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, राजू चौरसिया, शैलेष चौरसिया, सत्यनारायण चौरसिया, राहुल चौरसिया, अनिकेत चौरसिया, सौरभ चौरसिया , कामना मोदी आदि उपस्थित थे।

# ले.जनरल ने किया आयुध फैक्ट्रियों का दौरा

**जबलपुर यशभारत।** रक्षा मंत्रालय के भंडार निदेशालय के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सी पी करिअप्पा दो दिन के दौरे पर वे गुरुवार को पहुंचे ।पहले दिन उन्होंने खमरिया का दौरा किया आज शुक्रवार को सुबह व्हीकल फैक्ट्री पंहुचे दोपहर बाद उन्होंने जी सी एफ का दौरा किया। आयुध निर्माणी खमरिया से जारी जानकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट जनरल सी.पी.करिअप्पा ए वी एस एम .एस एम .वी एस एम(एम जी एस) का दोपहर आगमन हुआ ।इस दौरान निर्माणी के महाप्रबंधक रवि कांत ने उनका स्वागत किया ।इसके बाद प्रदर्शनी कक्ष में निर्माणी में स्वदेशी तकनीक से निर्मित आयुध उत्पादों का अवलोकन लेफ्टिनेंट जनरल के द्वारा किया गया ।साथ ही लेफ्टिनेंट जनरल द्वारा महाप्रबंधक के साथ निर्माणी के विभिन्न अनुभागो में अत्याधुनिक तकनीक से बनने वाले आयुध उत्पादों का भी निरीक्षण किया लेफ्टिनेंट जनरल द्वारा निर्माणी के मॉर्डनाइजेशन एवं कार्य कुशलता की सराहना की । इस दौरान अधिकारियों कीबैठक आयोजित हुई। जिसमें लेफ्टि नेंट जनरल सी.पी.करिअप्पा एवं निर्माणी के महाप्रबंधक रविकांत, के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे



# निगमीकरण एवं ई डी एस ओ के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान

**जबलपुर यशभारत।** आल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के आह्वान पर पार्लियामेंट कमेटी एंड पिटिशन के चेयरमैन को प्रेषित किए जाने वाला हस्ताक्षर अभियान आयुध निर्माणी खमरिया में अंतिम दौर पर पहुंच चुका है ।सबसे खास बात यह है कि कर्मचारियों ने बड़ चढ़कर हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। ओ एफ के लेबर यूनियन कामगार यूनियन एवं एस टी/एस सी यूनियन द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान में अभी तक कुल 3748 कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर निगमीकरण एवं ईडीएसओ कानून के खिलाफ विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर ओ एफ के लेबर यूनियन के अर्नब दासगुप्ता राकेश रंजन शरद अलवाल पुष्पेंद्र सिंह हरीश चौबे शिवेंद्र रजक रोहित प्रकाश सेठ संतोष सिंह संजीव कुमार कामगार यूनियन के रूपेश पाठक राकेश शर्मा राजेंद्र कुमार प्रेम लाल सेन कृष्ण कुमार शर्मा सतिन शर्मा एसटीएससी यूनियन के हरिहर मीणा शशि भूषण पासवान राजेंद्र मीणा हरपाल धुर्वे आदि नेकर्मचारियों से हस्ताक्षर अभियान के लिए प्रेरित कर अभियान को सफल बनाया।।

**रक्षा संसदीय समिति के समक्ष लगेगी याचिका**



# आर.टी.ई के अंतर्गत ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल का आवंटन कल

जबलपुर, ।शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सत्र 2021-22 में नि:शुल्क प्रवेश की प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शेष रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी रही है। इसके तहत ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 14 अगस्त को स्कूल का आवंटन किया जाएगा। आवंटित स्कूल में 16 से 25 अगस्त तक बच्चे प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। संबंधित स्कूल को 25 अगस्त तक एडमिशन रिपोर्टिंग देनी होगी। द्वितीय चरण की लॉटरी के लिए केवल वे ही आवेदक पात्र होंगे जिन्होने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया है तथा सत्यापन केन्द्र पर जाकर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराया था एवं सत्यापन उपरांत

# शासकीय प्रध्यापकों का आन्दोलन समाप्त

**जबलपुर।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की साधारण सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्राध्यापकों का चरणबध्द आंदोलन स्थगित किया जाता है। जबलपुर संभाग के पदाधिकारियों की बैठक संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल की अध्यक्षता में हुई जिसमें साधारण सभा के द्वारा लिए गए निर्णय का सभी लोगों ने समर्थन किया। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि उच्च. शिक्षा मंत्री एवं प्रमुख सचिव के आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित की जाती है एवं संभाग के सभी साथियों ने जो एकजुटता का परिचय दिया है वह सराहनीय है। बैठक में डॉ. रवि कटारे, डॉ. पी.आर.नायडु, डॉ. षैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. हेमंत तनकप्पन, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. जे. के. गुजराल, डॉ. भारतेश भारिल, डॉ.राजीव मिश्रा एवं डॉ. श्याम कुंवर ने बैठक में अपने विचार व्यक्त किए।

## आरपीएफ व जीआरपी टीम द्वारा सघन चेकिंग

# स्वतंत्रता दिवस : स्टेशन में सतर्कता, चप्पे-चप्पे पर नजर

**जबलपुर यश भारत।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेल पुलिस अलर्ट मोड पर है । स्टेशन के सभी प्लेटफार्म एवम सर्कुलेटिंग एरिया सहित रनिंग ट्रेन में भी संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है जिससे कि यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना ना करना पड़े स्टेशन को विशेष अभियान के तहत आरपीएफ एवं जीआरपी की मदद से तलाशी ली जा रही है. । जबलपुर स्टेशन पर स्पेशल और पैसेंजर गाड़ियों को आरपीएफ पोस्ट एवं जीआरपी द्वारा चेक किया जा रहा है इसके लिए डॉग स्क्वायड को चेकिंग के लिए लगाया गया है और उसके जरिये विशेष चेकिंग की जा रही है.। यह चैकिंग अभियान किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के उद्देश्य से आरपीएफ कमांडेंट अरुण त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रेल सुनील कुमार जैन के निर्देश पर किया जा रहा है. ताकि किसी भी तरह का विस्फोटक या आपत्तिजनक सामान पर नजर रखी जा सके किसी भी अनहोनी होने के समय से पहले यात्रिओं को सुरक्षित किया जा सके सुरक्षा के मद्देनजर जीआरपी एवं रेलवे सुरक्षा बल ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों के सामानों का निरीक्षण किया। रेलवे ट्रैक के आस पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंचकर जांच की। साथ ही किसी अंजान लोगों को नहीं ठहराने संबंधित दिशा-निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए नेतृत्व में बीती रात स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर सिपाहियों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। स्टेशन पर पहुंचने वाले सभी यात्रियों के सामानों की तलाशी ली गई। इस दौरान जबलपुर से गुजरने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जीआरपी प्रभारी सुनील नेमा एवं आरपीएफ पोस्ट प्रभारी श्री डाबर व मदन महल चौकी प्रभारी राजेश राज बताया कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में पूरी तरह सक्षम है। इसके बावजूद रेलवे स्टेशन पर निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING
4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing
2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM
3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार
शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133




# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की अंतिम रिहर्सल

×**जबलपुर** । स्वतंत्रता दिवस पर शहर का मुख्य समारोह पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में आयोजित होगा। राईट टाउन स्थित स्टेडियम में मुख्य समारोह की आज अंतिम रिहर्सल सम्पन्न हुई । शुक्रवार को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने परेड की रिहर्सल का जायजा लिया। । इस बार प्रदेश के प्रभारी मंत्री गोपाल भागर्व द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। स्टेडियम में परेड में शामिल होने वाली सभी कंपनियां, पुलिस, होमगार्ड, स्काउट-गाइड के अलावा अन्य प्लाटून शामिल थे। यह अंतिम रिहर्सल थी, जिसका निरीक्षण किया गया। जिले के सभी सरकारी भवनों को स्वतंत्रता दिवस से पहले ही रोशन कर दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट, एसपी कार्यालय, नगर निगम, स्कूल-कॉलेज के अलावा पंचायत भवनों में भी रोशनी के निर्देश जारी किए गए हैं।

# 10 स्वच्छता निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

## नगर निगम कमिश्नर की बड़ी कार्रवाई

जबलपुर। कोरोना संक्रमण को जड़ से खत्म करने की दिशा में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने सख्त कदम उठाते हुए एक साथ 10 संभागों के मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया। जिसके परिणाम स्वरूप आज सभी 16 संभागों के अंतर्गत मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों ने आज ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई करते हुए कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 120 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाकर जुमार्ने की राशि वसूल की। इस संबंध में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अपने-अपने संभाग अंतर्गत बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण करें और मास्क न लगाने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई नियमित रूप से करें ताकि लोगों घरों से निकलते समय मास्क लगाकर निकलें। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि पूर्व में स्वास्थ्य विभाग के सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों को चालानी कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखने की जिम्मेदारी दी गई थी परन्तु देखने में आ रहा था कि अभी कुछ दिनों से कार्रवाई में ढील दी जा रही है। ऐसी स्थिति में सख्ती करने की आवश्यकता पड़ी और आज 10 मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों क्रमशः संभाग क्रमांक 1,3,4,6,8,9,12,13,15 एवं 16 को कारण बताओं नोटिस जारी कर दो दिवस के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश जारी किये गए हैं। निगमायुक्त ने बताया कि अब यह कार्रवाई नियमित रूप से शहर के सभी 79 वार्डो में प्रतिदिन कराई जायेगी। निगमायुक्त जी.आर. ने शहर के आम नागरिकों से भी आग्रह के साथ अपील की है कि नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने घरों से निकलते समय मास्क लगाकर निकलें और बाजार क्षेत्रों में एक दूसरे के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से ध्यान रखें तथा समय-समय पर हाथों को भी अच्छे से धोते रहें।

**कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं करना महंगा पड़ा**



# पिटारे से सांप निकालते दबोचे गए सपेरे, 30 जोड़े नाग- नागिन बरामद

जबलपुर, यशभारत। नागपंचमी के त्योहार में नाग दर्शन के बहाने उगाही करने वाले सपेरों को आज वन विभाग की मुस्तैद टीम ने उस वक्त धर दबोचा जब वह पिटारी से नागों को निकालकर, लोगों से पैसे चढ़ाने की मिन्नतें कर रहे थे। आस्था के नाम पर बेजुबानों पर कहर बरपाते हुए तीन से पांच सपेरों से वन विभाग ने करीब 30 नाग-नागिन बरामद किए। जिन्हें जंगल में छोड़ दिया जाएगा। जानकारी अनुसार हर साल हर साल की तरह इस साल भी नागपंचमी के अवसर पर विजय नगर, रांझी, खमरिया में सपेरों का एक गुट पिटारी में नागों को कैद कर, दर्शन करवा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रघ्घू नाथ निवासी बरमान, अमर गिरी निवासी पानीबाड़ा सहित करीब पांच लोगों पर कार्रवाई की। इस दौरान रघ्घू नाथ ने बताया कि मणेश्वर गांव में उसने यह नाग पकड़ा था, जो बहुत जहरीला है। जिसने एक की जान ली थी। उसके पास फोन आया और जैसे ही वह पहुंचा, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नागपंचमी का अवसर था, सो वह जबलपुर नाग के दर्शन करवाने ले आया। तो वहीं अमर गिरी निवासी पानीपत ने बताया कि एक कुम्हार के यहां यह नाग निकला था, जिसे पकड़कर वह जबलपुर आ गया। उसने वन विभाग की टीम को बताया कि सुना है...जबलपुर में बहुत भक्त है। यहां कमाई ज्यादा होगी, इसलिए वह यहां आ गया। पकड़े गए सपेरों से जब वन विभाग की टीम ने जब पूछा कि नागों को पकडऩा जान जोखिम में डालना है। क्या इनके जहर से डर नहीं लगता तो सपेरें ने बताया कि वह गरीब है और दो जून की रोटी कमाने के लिए यह काम करते है। जिसके बाद विभाग ने उनके कब्जे से नागों को आजाद करवाया।

# तस्करों के चंगुल में फंसा युवक बेचने लगा अवैध शराब

**जबलपुर, यशभारत।** अवैध शराब का कारोबार चरम पर है। जिसकी गिरफ्त में आए युवा अब शराब पीने के लिए खुद ही इन तस्करों की चंगुल में फंस रहे है। एक मामला थाना हनुमानताल में उस वक्त सामने आया जब पुलिस ने खईया मोहल्ला में दबिश देकर खंडहर से देशी मसाला जब्त कर युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि पहले वह भी मेहनत कर दो जून की रोटी कमा लेता था, लेकिन पीने की लत के चलते अब वह स्वयं अधिक मुनाफा कमाने के लिए इस व्यापार से जुड़ गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, 320 पाव देशी शराब जब्त की। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि दुर्गा चौक का रहने वाला नीलेश सोनकर भारी मात्रा में अवैध शराब बेचने हेतु खईया मोहल्ला स्थित खण्डहर में रखा है। सूचना पर दुर्गा चौक के पास कुलिया में मुखबिर द्वारा बताए स्थान खईया मोहल्ला में बने खण्डर में दबिश दी गयी, जहॉ नीलेश सोनकर उम्र 19 वर्ष निवासी विनय मेडिकल के सामने हनुमानताल को दबोचकर, जब तलाशी ली गई तो दीवाल के पास 2 सफेद रंग की बोरी एवं एक कत्थाई रंग के बैग में 320 पाव दशी शराब रखी मिली। जिसे जब्त करते हुये आरोपी नीलेश सोनकर के खिलाफ कार्यवाही की गयी।

**खंडहर में छुपाकर रखीं थी बोतलें, पुलिस ने दबोचा**

# ओवरटाइम में एचआरए टीए से जोड़ा जाए

**जबलपुर यशभारत ।**सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के अरुण दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जेसीएम ll के सदस्य ने बताया की कलकत्ता न्यायालय के निर्णय के आधार बना कर मांग की है कि कर्मचारियों को एच आर ए और टी ए जोड़ कर परिवार भत्ता का ओवरटाइम में सम्मिलित कर ओवरटाइम बोनस के साथ निर्धारण एवम एरियर्स का भुगतान किया जाए। यूनियन ने जानकारी दी है की कलकत्ता न्यायालय ने निर्णय दिया की ओवरटाइम के निर्धारण में एच आर ए के साथ स्माल फेमिली भत्ता को भी सम्मिलित किया जाए। जो की 2006 से 2016 के कर्मचारियों को नहीं किया गया हैऋ अत: यूनियन ने मांग की है की उक्त विषय पर निर्णय लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही कर एरियर्स का भुगतान किया। जाए सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक ने मांग की है की जब भी किसी कर्मचारी की सिनियरिटी, प्रमोशन, प्रमोशन रोकना, आर्थिक कटौती एवम इस प्रकार के अन्य निर्णय जिससे कर्मचारी को व्यक्तिगत लाभ हानि होनी है तो उस को लागू करने के पहले कर्मचारी को सूचित किया जाए। ताकि कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त समय मिल सके, देखा गया है की अनेक बार न्यायालय के फैसलों, वेतन निर्धारण के फैसलों, बोर्ड के आदेशों की वजह से कर्मचारियों को लाभ, हानि होती रही है। जिसे कर्मचारी को बिना सूचित किए ही लागू कर दिया जाता है। जो कि न्यायोचित नहीं है। अत: सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के आनंद शर्मा जेसीएम चतुर्थ के सदस्य ने प्रशासन से मांग की है की इस विसंगति को समाप्त किया जाए ऋयूनियन के अमित चोबे अखिलेश पटेल अनिल गुप्ता जीजो जेकब हिरदेश यादव अनुपम भौमिक राहुल चोबे आशीष तिवारी उदय जसवाल आदि ने जल्द ही विसंगतियों को दूर करने का प्रशासन से आवाहन किया है






# घबराने से मृत्यु टलती नहीं ,वह अटल है

जबलपुर। दयोदय तीर्थ गौशाला में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने कहा यह जो कुछ दीक्षा ली जा रही है वह लोग अभी तक घर पर रहते हुए अपने पारिवारिक, सामाजिक दायित्व निर्वाह करते आए हैं। एक वर्ष से या कई लोग तो अनेक वर्षों से दीक्षा नियमों का पालन घर पर ही कर रहे हैं तभी यहां पर आए हैं , आपने दीक्षा धर्म का पालन किया इसलिए हम भी तैयार हैं,एक व्यक्ति जो किसी व्याधि से पीड़ित था उसने शल्यक्रिया ना करा कर सल्लेखना व्रत का पालन किया, पहले समझाया पर वह अडिग था तब ही सल्लेखना का पालन कराया गया। सल्लेखना का अर्थ है मृत्यु महोत्सव जहां मृत्यु भी एक महोत्सव के रूप में परिणित हो जाए। हर किसी को यह सुअवसर प्राप्त करना चाहिए , सामाजिक आचार संहिता का कठिन रूप से पालन करना चाहिए। इस प्रकार जैन आचायों ने मृत्यु महोत्सव के बारे में उल्लेख किया है कि मृत्यु से आप घबराते हैं घबराने से मृत्यु टलती नहीं है वह अटल है और केवल मांगने से मोक्ष नहीं मिलता वह केवल साधना से मिलता है। मृत्यु को जीतना चाहते हैं लेकिन यह संभव नहीं है आप यह सब सुनकर जाइए घर जाकर विचार कीजिए अपने सब कुछ जीवन में पा चुके हैं, घर गृहस्थिति सभी पा चुके हैं , अब त्याग और मुक्ति की ओर प्रशस्त होना चाहिए कुछ लोग दीक्षित होकर मोक्ष मार्ग के रास्ते चल निकलेंगे इनके घर पर सब कुछ है फिर भी इस मार्ग पर निकले हैं कई लोग, दीक्षा लेने आए हैं घर वाले भी इनके प्रेरक हैं , जन्म तो एक बार होता है लेकिन मृत्यु तो हर पल होती है , अब यह लोग मोक्ष मार्ग पर चलने तैयार हुए हैं आप सब को भी इस मार्ग पर चलने की तैयारी करनी चाहिए ।

# रोटरी जबलपुर एक्सीलेंस का पदभार ग्रहण




**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्सीलेंस का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न हुआ विंध्यभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में गत वर्ष की टीम के द्वारा नए वर्ष की टीम को पदभार सौंपा गया नया दायित्व पाने वालों में अध्यक्ष पद रोटेरियन अभिषेक केशरवानी सचिव के पद पर मयंक ठाकुर कोषाध्यक्ष संकेत भाटिया हैं । गत वर्ष की टीम जिसमें पूर्व अध्यक्ष आशीष जैन पूर्व सचिव जीनेश मोदी पूर्व कोषाध्यक्ष अभिषेक केशरवानी सम्मिलित थे कई प्रेरणादाई सेवा कार्य किए इसका उल्लेख भी कार्यक्रम में आशीष जैन द्वारा किया गया मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत पाल रोटेरियन सुनील पाठक जी प्रांत पाल सचिव रोटेरियन अखिल मिश्रा उपस्थित थे इस कार्यक्रम में नए छह सदस्यों को क्लब से जोड़ा गया अतिथियों का स्वागत अखिलेश बादशा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में अमित जैन अभिषेक ओसवाल ,अंकुर पाहवा राहुल गोलछा ,योगेश शर्मा रामकृष्ण चौकसे, संकल्प जैन , नितिन अग्रवाल ,अनिल दुबे शालीन अग्रवाल, जितेश चौघड़िया समीर केसरवानी ,अशोक साहू पवन केसरवानी आदि उपस्थित थे।

# पमरे ने डिजिटल इंडिया की ओर उठाया सार्थक कदम

**43 स्टेशनों पर यात्री गाड़ी सूचना बोर्ड एवं 34 स्टेशनों पर ट्रैन एट ए ग्लांस बोर्ड लगाये**




*__जबलपुर यश भारत।__ भारतीय रेल ने मेक इन इंडिया के तहत यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार करते हुए डिजिटल इंडिया की ओर पश्चिम मध्य रेल ने सार्थक कदम बढाया है। पश्चिम मध्य रेल स्टेशनों पर यात्री गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान एवं ट्रेन एट ए ग्लांस की जानकारी डिजिटल बोर्ड के द्वारा नयी तकनीक प्रणाली की सुविधाओं में विस्तार किया गया है। पश्चिम मध्य रेल ने जून 2021 तक जबलपुर मण्डल के 14 स्टेशनों , भोपाल मण्डल के 12 स्टेशनों एवं कोटा मण्डल के 17 स्टेशनों सहित कुल 43 स्टेशनों पर डिजिटल यात्री गाड़ी सूचना बोर्ड और ट्रेन एट ए ग्लान्स बोर्ड जबलपुर मण्डल के 06 स्टेशनों, भोपाल मण्डल के 08 स्टेशनों एवं कोटा मण्डल के 20 स्टेशनों सहित कुल 34 स्टेशनों पर लगा दिये गये है। इससे यात्रियों को गाड़ियों के आगमन का समय एवं प्लेटफार्म नम्बर की जानकारीहोने की सुविधा प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही कुछ प्रमुख स्टेशनों पर डिजिटल ट्रेन एट ए ग्लांस बोर्ड से गाड़ियों के आगमन के साथ ट्रेन के कोचों की इंजन से स्थिति की जानकारी भी प्राप्त होती है।

# वेतन विसंगति दूर होने के आसार

जबलपुर । म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के लिपिक प्रकोष्ठ ने बताया की मध्यप्रदेश के लिपिक संवर्ग कर्मचारियों की वेतन विसंगति की मांग विगत कई वर्षों से लंबित है, सरकारों द्वारा कमेटी का झुन-झुना दिखाकर हमेशा उन्हें ठगा गया है,अविभाजित मध्यप्रदेश जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य भी आता था, तब से लिपिक संवर्ग वेतन विसंगति की लडाई लड रहा है लिपिकों के संघर्ष पर छत्तीसगढ़ राज्य ने तो बाबुओं की वेतन विसंगति दूर कर दी किन्तु म.प्र.सरकार द्वारा कर्मचारी कल्याण समिति का गठन कर वेतन विसंगति के मामले को अटकाने का रास्ता खोज लिया जाता रहा है। ज्ञात हुआ है कि म.प्र.के मुख्यमंत्री द्वारा लिपिकों की वेतन विसंगति के मुद्दे को हल करने के लिए रमेश चंन्द्र शर्मा कमेटी की अनुशंसायें लागू करने का मन बनाया गया है, जो स्वागत योग्य है ।संघ के योगेन्द्र दुबे, मंसूर बेग, मनोज राय, विनोद पोद्दार, आदि ने माननीय मुख्यमंत्री म.प्र.शासन को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर मांग की है कि रमेशचन्द्र शर्मा कमेटी की अनुशंसायें शीध्र लागू कर वर्षों से चली आ रही लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जावे।

## आवश्यकता है

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

**संपर्क**
**श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर**
**मालगुजार परिसर के पहले**
**मो.9977112211**
**बायोडाटा सहित संपर्क करें**

## जबलपुर के हिमांशु गुप्ता सहित मध्यप्रदेश के दो युवा

# नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित

**जबलपुर।** केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार कार्यक्रम में जबलपुर के हिमांशु कुमार गुप्ता और रायसेन के शुभम चौहान को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय युवा और खेल राज्य मंत्री सुश्री ऊषा शर्मा और संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थानीय संयोजक सुश्री डायरड्रे ब्यायड मौजूद थी। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाण-पत्र और एक लाख रुपये की नकद राशि दी गयी। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार वर्ष 2017-18 के लिए कुल 14 पुरस्कार और वर्ष 2018-19 के लिए 8 पुरस्कार दिये गये। जबलपुर के हिमांशु कुमार गुप्ता को वर्ष 2017-18 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी परियोजनाओं, दृष्टिबाधित लोगों के लिए पुस्तकों की वाइस रिकार्डिंग और इनसेक्ट प्रोसेसिंग के माध्यम से फूलों की रिसाइकिलिंग पर काम करने में उल्लेखनीय कार्य किया है। श्री गुप्ता को न्यू इंडिया कॉन्क्लेव में ग्राम मित्र सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। रायसेन के श्री शुभम चौहान को वर्ष 2018-19 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



**Madhya Pradesh Power Generating Company Limited**
(Govt. of M.P. Undertaking)
CIN-U40109MP2001SGC014882/GST Number: 23AADCM4472A1ZZ
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (O&M)**
Rajghat Hydel Power Station MPPGCL,Chanderi-473446
**Official Website: www.mppgcl.mp.gov.in**
Email:serhps@gmail.com Tel:+91 9425806530/7999358903

No.597-6100/T- 10/21-22/Tr-154004/403 Dated 06/08/2021

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)No.SE.(O&M).RHPS – Tender No. 2021 MPPGC 154004**

[1] M.P. Power Generating Co. Ltd. invites Electronic tenders from reputed / established Contractors / Firm only for the work given below for Rajghat hydel power Station, MPPGCL, chanderi. For viewing detailed NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tenders, for any clarifications and/or due date extension or corrigendum, please visit the website www.mptenders.gov.in regularly .

| Sl. No | Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost (Rs.) | EMD (inRs.) | Tender Cost Rs. | Contract Period | Date and Time for closing of online submission | Date & time of opening of e-tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID No. 2021_MPPGC_154004 | Work of deployment of 07 no Casual Workers (2 skilled for O&M work and 5 unskilled for housekeeping and allied activities including security) through outsourcing for Oxygen Bottling & Refilling plant, Bina (MP). | Rs= 15.18 Lakhs/- (Inclusive of GST) | 38000/- | 1000/- | 12 Month | 23/08/2021 Up to 15:30 Hrs | 24/08/2021 From 16:00 Hrs Onwards |

*Above Estimated cost is inclusive of GST @ 18 % and other taxes.

"SAVE ELECTRICITY"

(Dinesh Kumar Jain)
Superintending Engineer (O&M)
MPPGCL, RHPS, Chanderi

## मध्यप्रदेश शासन वन विभाग, पूर्व (सा.) वन मण्डल मण्डला वन अपराध में जप्त किये गये एवं अंतिम रूप से राजसात वाहन की नीलामी हेतु सील बंद निविदा की विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मण्डल अधिकारी पूर्व (सा॰) वन मण्डल मण्डला के द्वारा राजसात वाहनों की नीलामी सील बंद लिफाफे के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा | निविदा खोलने का स्थल | फार्म प्राप्त करने की तिथि व समय | फार्म जमा करने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम निविदा | कार्यालय पूर्व सा. वनमण्डल मण्डला | 20/08/2021 अपरान्ह 1 बजे तक | 20/08/2021 अपरान्ह 2 बजे तक | 20/08/2021 अपरान्ह 4 बजे तक |
| द्वितीय निविदा | | 25/08/2021 अपरान्ह 1 बजे तक | 25/08/2021 अपरान्ह 2 बजे तक | 25/08/2021 अपरान्ह 4 बजे तक |
| तृतीय निविदा | | 30/08/2021 अपरान्ह 1 बजे तक | 30/08/2021 अपरान्ह 2 बजे तक | 30/08/2021 अपरान्ह 4 बजे तक |

इच्छुक व्यक्तिवन मण्डल अधिकारी पूर्व (सा.) वन मण्डल मण्डला के कार्यालय में निविदा विज्ञप्ति प्रसारित होने के दिनांक से कार्यालयीन समय पर उपरोक्तदर्शित तिथि व समय तक फार्म प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्तिउपरोक्त तिथि व समयानुसार बयाने की राशि बैंक ड्राफ्ट/सी.डी.आर. सहित सील बंद निविदा के साथ जमा कर सकेंगें। प्रत्येक वाहन के लिए पृथक-पृथक लिफाफा जमा किया जावेगा। प्रथम निविदा में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (ई.एड.एम) द्वारा निर्धारित दर से निम्न दर प्राप्त होने के स्थिति में द्वितीय एवं तृतीय निविदा आमंत्रित की जावेगी ।

**वाहनों का विवरण**

| क्रं. | राजसात वाहन का प्रकार एवं पंजीयन क्रमांक | | बयाने की राशि (बैंक ड्राफ्ट/सी.डी.आर. के रूप में) | स्थान, जहाँ वाहन खड़ा है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पिकअप | MP20-GA-5215 | 4300.00 | घुघरी परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में। |
| 2 | ट्रेक्टर एवं ट्राली | चेचिंस नम्बर KYASV 52816923 एवं इंजन नम्बर 3300 FLLU 53 J52325 f 18 | 7500.00 | घुघरी परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में। |
| 3 | ट्राली 01 | नम्बर नही है | 2000.00 | घुघरी परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में। |
| 4 | ट्राली 01 | नम्बर नही है | 2000.00 | घुघरी परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में। |
| 5 | ट्रेक्टर एवं ट्राली | MP-51-A-A-5119 चेचिस नम्बर TO533073140 E एवं इंजन नम्बर E3343426 MP-51-5120 | 5800.00 | घुघरी परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में। |
| 6 | बड़ा सवारी ऑटो | MP-51-R-0977 – चेचिस नम्बर XMD2A29AZ3CWJ12920X | 4800.00 | जगमण्डल परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में |
| 7 | ट्रेक्टर एवं ट्राली | ट्रेक्टर नं. MP-51-AA-0457 ट्राली नं. MP-51-AA-0458 | 4500.00 | बिछिया परिक्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में |

**नीलामी की शर्ते :**

वाहन के क्रय हेतु बयाने की राशि उपरोक्तानुसार बैंक ड्राफ्ट/ सी.डी.आर. राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी हो एवं वन मण्डल अधिकारी पूर्व (सा.) वन मण्डल मण्डला के नाम से देय हो, तथा उपरोक्त तिथि एवं समयानुसार प्रत्येक वाहन के लिये पृथक-पृथक सील बंद निविदा के साथ सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत की जा सकेगी। निविदाकार द्वारा यदि किसी भी एक वाहन के लिये बयाने की राशि का बैंक ड्राफ्ट/सी.डी.आर. निविदा के साथ जमा किया जाता है तो बयाने की राशि अनुसार उसी वाहन की निविदा स्वीकार की जावेगी जिसके लिये निर्धारित राशि जमा की गई है। निविदा निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने पर अमान्य की जावेगी।

1. सील बंद निविदायें उपस्थित निविदाकारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा अपरान्ह 4 बजे खोली जावेगी। असफल निविदा पाई जाने पर जमा की गई बयाने की राशि का बैंक ड्राफ्ट/सी.डी.आर. वापस लौटा दिया जावेगा। सफल निविदा पाये जाने पर बयाने की राशि का बैंक ड्राफ्ट/सी.डी.आर. वाहन की पूरी रकम एवं देय समस्त करों की राशि जमा करने पर लौटाई जावेगी।
2. नीलामी की द्वितीय अधिकतम निविदा वाले व्यक्तिको बयाने की राशि वाहन विक्रय के उपरांत लौटाई जावेगी।
3. निविदाकार द्वारा निविदा प्रस्तुत करने पर यह माना जावेगा कि उसे निविदा की सभी शर्ते मंजूर है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं नीलामी को आंशिक या पूर्ण रूप से रोक लेने का अधिकार वन मण्डल अधिकारी पूर्व (सा.) वन मण्डल मण्डला को रहेगा। जिनका निर्णय अंतिम और बंधनकारी होगा। निर्णय के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में निविदाकार द्वारा वाद नहीं लाया जा सकेगा।
4. सक्षम अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकृत किये जाने के पश्चात निविदा खुलने की दिनॉक से 7 दिवस के अन्दर वाहन के विक्रय मूल्य एवं देय समस्त करों की राशि सहित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। अन्यथा समय-सीमा के उपरांत बयाना बतौर जमा सत्यंकार की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी।
5. वाहन का निरीक्षण व अवलोकन कार्यालयीन दिवस एवं समय में उपरोक्तानुसार दर्शाये गये स्थान में उक्ततिथियों के पूर्व तक किया जा सकता है।
6. वाहन के संबंधित अन्य कार्यवाही क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की एवं अन्य औपचारिकताएँ स्वयं के व्यय से क्रेता को पूर्ण करना होगा।
7. सफल निविदाकार को विक्रय मूल्य के अतिरिक्तशासन द्वारा निर्धारित समस्त करों की राशि का भुगतान भी करना होगा। विक्रय किये गये वाहन का परिदान जहाँ वाहन खड़ा है, उसी स्थल से किया जावेगा।
8. वाहनों की नीलामी विज्ञप्ति जारी होने के उपरांत निविदा फार्म कार्यालयीन दिवस व समय में 300/- (तीन सौ) रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। जिसकी मनी रसीद तत्काल प्रदाय की जावेगी।

वनमण्डलाधिकारी
पूर्व (सा.) वनमण्डल मंडला

जी-15580/21

# मध्य प्रदेश में थमने लगा बारिश का दौर, बढ़ेगा तापमान

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में कोई भी वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। मानसून ट्रफ का पूर्वी छोर भी हिमालय की तराई में पहुंच गया है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर लगभग थम गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी चार दिन तक तेज बौछारें पड़ने के आसार कम हैं। हालांकि वातावरण में नमी मौजूद रहने के कारण कहीं-कहीं कुछ बारिश हो सकती हैं। धूप निकलने के कारण अब दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। 15 अगस्त को एक ऊपरी हवा का चक्रवात बंगाल की खाड़ी में बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से 17 अगस्त में प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है।मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक उज्जैन में 0.6, इंदौर में 0.2 मिलीमीटर बरसात हुई। गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से तीन डिग्रीसे. अधिक रहा। यह बुधवार के अधिकतम तापमान (30.5 डिग्रीसे.) की तुलना में 0.8 डिग्रीसे. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सामान्य रहा। मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि वर्तमान में मप्र में किसी वेदर स्स्टिम के नहीं रहने से अभी चार दिन तक तेज बौछारें पड़ने की संभावना नहीं है।



### अरब सागर से मिल रही कुछ नमी

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पूर्वी उप्र और उससे लगे बिहार में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस सिस्टम से आंध्रा कोस्ट तक एक ट्रफ बना हुआ है। इसके प्रभाव से पूर्वी मप्र के रीवा, शहडोल संभागों के जिलों में कहीं-कहीं मामूली बारिश हो रही है। उधर दक्षिणी गुजरात में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से अरब सागर से कुछ नमी मिल रही है। जिसके चलते राजधानी सहित कुछ जिलों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने लगते हैं। शुक्ला के मुताबिक 15 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम के 17 अगस्त तक कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। उसके आगे बढ़ने के बाद एक बार फिर बारिश की गतिविधियां फिर शुरू हो सकती हैं।

# 27 फीसद आरक्षण ओबीसी का हक!



### उच्च न्यायालय में पैरवी करेंगे रविशंकर प्रसाद व तुषार मेहता

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग को 27 फीसद आरक्षण दिलाने के लिए शिवराज सरकार उच्च न्यायालय में पूरी ताकत से पक्ष रखेगी। इसके लिए देश के वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर प्रसाद, तुषार मेहता सहित अन्य अधिवक्ताओं को आरक्षण में समर्थन में पैरवी के लिए लाया जाएगा। प्रदेश के महाधिवक्ता न्यायालय से अनुरोध करेंगे कि इस मामले में अंतिम सुनवाई की जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि 27 फीसद आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का हक है। इसे दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मंत्रालय में शुक्रवार को तीन घंटे ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर मंथन हुआ। इसमें महाधिवक्ता पुरुषेंद्र कौरव और उनकी टीम ने कानूनी स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिलाने में कोई कसर नहीं रखेगी। पूरी ताकत के साथ न्यायालय में पक्ष रखा जाएगा। इसके लिए जो भी कदम उठाने होंगे, वो उठाए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बैठक के बाद बताया कि सरकार ने तय किया है कि आने वाली सुनवाई में महाधिवक्ता यह अनुरोध करेंगे कि न्यायालय अंतिम सुनवाई करे।

देश के बड़े अधिवक्ता रविशंकर प्रसाद, तुषार मेहरा जैसे अधिवक्ताओं को आरक्षण के समर्थन में उच्च न्यायालय में लेकर आएंगे। जब हमारी सरकार थी तब पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत आरक्षण तो मिलता ही था, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग के जो लोग आते थे, उन्हें भी मेरिट के आधार पर स्थान मिल जाता था। कमल नाथ सरकार ने यह फैसला कर दिया था कि 14 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं मिलेगा। इसकी वजह से जो मेरिट में आ रहे थे, उन्हें भी मौका नहीं मिल पाया। कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को रोकने का प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया। प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आयोग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। पिछड़ा वर्ग के लिए प्रदेश में अलग से मंत्रालय है और उनके लिए अलग से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। बैठक में मंत्री कमल पटेल, डॉ.मोहन यादव, रामखेलावन पटेल, इंदर सिंह परमार, भारत सिंह कुशवाहा, बृजेंद्र सिंह यादव, रामकिशोर कावरे, विधायक जालम सिंह पटेल, प्रदीप पटेल, कृष्णा गौर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

### कमल नाथ सरकार ने किया था नाटक

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय कमल नाथ सरकार ने आठ मार्च 2019 को पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का नाटक किया। 10 तारीख को याचिका लग गई और 19 मार्च 2019 को तत्कालीन महाधिवक्ता ने न्यायालय में उपस्थित होकर कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग से होने वाली भर्तियों में 14 प्रतिशत आरक्षण ही रखा जाए। इसके बाद कांग्रेस सरकार की तरफ से एक साल तक कोई प्रयास नहीं हुए।

न्यायालय में कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ। कांग्रेस सरकार ने उच्च न्यायालय आरक्षण पर रोक लगाने के निर्णय के खिलाफ अपील करने का नहीं सोचा। हमारी सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिले इसके लिए गंभीरता से प्रयास किए। उच्च न्यायालय में हमारी ओर से भारत के सालिसिटर जनरल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से से उपस्थित हुए थे।

# देश में खेलों के प्रति बदला है सरकार और समाज का नजरिया- राज्यपाल मंगुभाई पटेल



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि खेलों में निरंतर प्रयास से सफलता मिलने का विश्वास उत्पन्न होता है। सभी के जीवन में खेल बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश में खेलों के प्रति सरकार और समाज का नजरिया बदला है। खेल में हार-जीत के परिणाम नहीं, भाग लेना मायने रखता है। खेल लोगों को आपस में जोड़ता है।राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में आयोजित ओलिंपिक खिलाड़ियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के बेहतर और स्वस्थ जीवन के लिए खेल से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया है। आज खेलों को प्राथमिकता मिलने लगी है। नई योजनाएं और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने उत्साह का वातावरण बनाया है। देश के वंचित और दूरस्थ क्षेत्रों की युवा प्रतिभाओं को अब अवसर मिले रहे है। खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री का फोन करना, खिलाड़ियों और खेलों के प्रति उनके प्रेम और संरक्षण को बताता है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देकर, देश को खेल शक्ति बनाने के प्रयास किए गए हैं। ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान कर, उन्हें अत्याधुनिक विशेषज्ञ मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की सर्व सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। राज्य में खेल अकादमियों 80 प्रतिशत प्रदेश एवं 20 प्रतिशत देशभर से चयनित उत्कृष्टम खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआआत में राज्यपाल ने ओलिंपियन खिलाड़ियों का शॉल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। हॉकी खिलाड़ी विवेक प्रसाद, उनकी माता कमला देवी, पिता रोहित प्रसाद, हॉकी कोच अशोक ध्यानचंद और भारतीय हॉकी टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह को भी सम्मानित किया।



# आइआरसीटीसी ने शुरू की पर्यटक ट्रेनों में बुकिंग, वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट दिखाकर ही कर सकेंगे सफर

### वैष्णो देवी दर्शन, धर्मशाला, डॉल हाउस, स्वर्ण मंदिर, ग्लोरी ऑफ हिमालय और मसूरी के लिए बुकिंग शुरू की गई है।

**भोपाल।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (आइआरसीटीसी) ने पर्यटक ट्रेनों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। पर्यटक आइआरसीटीसी के टूरिज्म पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग करा सकते है। अभी देश के चुनिंदा पर्यटन व धार्मिक स्थलों के लिए बुकिंग शुरू की है। बाकी के शहरों के लिए पूर्व से बुकिंग चल रही है। ये ट्रेनें सभी मंडलों के अलग-अलग स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। जिसकी जानकारी आइआरसीटीसी के पोर्टल पर दी गई है। आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने बताया कि वैष?णो देवी दर्शन, धर्मशाला, डॉल हाउस, स्वर्ण मंदिर, ग्लोरी ऑफ हिमालय और मसूरी के लिए बुकिंग चालू की है। यह यात्रा न्यूनतम छह रात, सात दिन से लेकर नौ दिन और आठ रात की है। पर्यटकों को न्यूनतम 17 हजार रुपये से लेकर 26 हजार रुपये तक भुगतान करना होगा। इस राशि में आने-जाने का किराया, होटल में ठहरने की व्यवस्था, ट्रेन के अलावा धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक आने-जाने का खर्च, भोजन व नाश्ता का खर्च शामिल है।

### यह रखना होगा ध्यान

- कोरोना की आरटीपीसीआर जांच करानी होगी।
- वैक्सीन लगवाना अनिवार्य होगा।
- बुकिंग कराने के बाद सर्दी, जुकाम व बुखार से पीड़ित होते हैं, तो इसकी जानकारी देनी होगी।
- बुकिंग कराते समय चालू मोबाइल नंबर देना होगा।

### ऐसे कराएं बुकिंग

आइआरसीटीसी टूरिज्म पोर्टल पर जाकर बुकिंग की जा सकती है। या गूगल-प्ले से आइआरसीटीसी का टूरिज्म एप डाउनलोड किया जा सकता है। दोनों ही माध्यमों से बुकिंग कराई जा सकती है।

# भोपाल से रायपुर, बिलासपुर एवं जयपुर उड़ान जल्द शुरू होने की उम्मीद



**भोपाल।** भोपाल से जल्द ही रायपुर- बिलासपुर एवं जयपुर की उड़ान शुरू हो सकती है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अब एयरलाइंस कंपनियों को उड़ान संचालन में बढ़ोतरी की अनुमति दे दी है। अब 65 फीसद के बजाय 72.5 फीसद क्षमता के साथ उड़ानों का संचालन हो सकेगा। इस आदेश के बाद भोपाल से भी उड़ानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद बंधी है। एयर इंडिया की रायपुर एवं जयपुर उड़ान कोरोना काल में बंद कर दी गई थी। अब यह फिर से शुरू होने की संभावना है। इस उड़ान को अब रायपुर, बिलासपुर, जयपुर रूट पर चलाने की उम्मीद की जा रही है। इंडिगो की अहमदाबाद एवं आगरा उड़ान भी अगले माह से शुरू होगी। राजा भो ज एयरपोर्ट डायरेक्टर केएल अग्रवाल का कहना है कि नए आदेश के बाद हवाई यातायात में बढ़ोतरी होना निश्चित है। वैसे भी एयर ट्रैफिक पर कोरोना का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। यात्रियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

# किसानों के साथ आपसी करार से फिर शुरू होंगी बीडीए की दो आवासीय योजनाएं

### भोपाल विकास प्राधिकरण रक्षा विहार चरण-तीन व एयरोसिटी चरण-दो योजना पर काम शुरू करने की तैयारी में।

**भोपाल।** भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) की बोर्ड बैठक में दो बड़ी आवासीय योजनाओं को फिर से शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इसमें एयरोसिटी चरण-दो व रक्षा विहार चरण-तीन योजना शामिल हैं। इसके लिए किसानों से आपसी करार किया जाएगा। इसके तहत किसानों से यहां की जमीन लेकर उन्हें दूसरी जगह विकसित कर जमीन दी जाएगी।गौरतलब है कि बीडीए की करीब 12 योजनाओं पर काम दस फीसद भी नहीं हुआ था, जिन्हें नियमानुसार रद करते हुए किसानों को दो हजार एकड़ जमीन लौटाने की स्थिति बनी थी। ये सभी योजनाएं 15 साल से अधिक पुरानी हैं। वर्ष 2006 से 2014 के बीच बीडीए ने इनकी लांचिंग की थी, लेकिन इसे विडंबना ही कहेंगे कि इनका विकास अब तक नहीं हो पाया। लिहाजा इन्हें दोबारा सक्रिय करने के लिए कैबिनेट में फैसला हुआ था।बता दें कि रक्षा विहार कॉलोनी फेज-एक और दो दोनों ही विकास को लेकर दिक्कत में है। 1990 के दशक में यहां पर करीब 750 प्लॉट विकसित किए गए थे, लेकिन इनमें से बमुश्किल दस फीसद ने यहां मकान बनाए हैं। ज्यादातर आर्मी अफसर अब यहां मकान बनाने के इच्छुक नहीं हैं। इसी तरह एयरोसिटी और मिसरोद चरण-दो की बुकिंग बीडीए ने तीन साल पहले ही कर ली थी, लेकिन इनमें भी अपेक्षित विकास नहीं पाया है। इसके अलावा कटारा हिल्स में 100 प्लॉट की योजना, मिसरोद फेज-एक, एयरोसिटी फेज-एक, कोकता हाउसिंग प्रोजेक्ट, एयरोसिटी एक्सटेंशन आदि योजनाओं में लोगों के लिए 17 हजार से अधिक प्लॉट्स उपलब्ध हैं, जिनके विकास की तैयारी चल रही है।



# आरजीपीवी में 90 संविदा व्याख्याताओं को बगैर अनुमति दिया जा रहा मनमाना वेतन

**भोपाल ।** राजधानी भोपाल में स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में वेतन विसंगति का एक मामला सामने आया है। आरजीपीवी शिक्षक एवं अधिकारी संघ ने राज्यपाल से इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही संविदा व्याख्ताओं की चयन प्रक्रिया किस विज्ञापन के तहत की गई है, उस समय कितना वेतन दिए जाने का उल्लेख था और मेरिट सूची में रोस्टर का पालन क्यों नहीं किया गया, इन तमाम बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग की है। विवि में मेरिट से चयनित न होने वाले 90 संविदा व्याख्याताओं को मनमाना दिया जा रहा है। नियम के तहत इन्हें प्रतिमाह 25 हजार रुपये दिए जाने चाहिए। लेकिन हर माह 37500 रुपये वेतन दिया जा रहा है। जिसका विरोध विवि के अन्य व्याख्याता ही कर रहे हैं। दरअसल, विवि की कार्यसमिति की 99वीं बैठक में चार सितंबर 2018 को यह प्रस्?ताव पारित किया था कि दो वर्ष बाद होने वाली चयन प्रक्रिया में संविदा व्याख्ताओं के लिए 37500 रुपये वेतन दिया जाएगा, लेकिन इसके तहत नहीं चुने गए लोगों को भी अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाया जा रहा है, जो कि एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। इतना ही नहीं, वित्त विभाग से अधिक वेतन दिये जाने की अनुमति भी नहीं ली गई है। संघ के पदाधिकारियों ने शिकायत में बताया है कि न्यायालय द्वारा केवल विज्ञापन के विरुद्ध स्टे लिया है, जो कि जून 2020 में खत्म हो गया है। इसके बावजूद विवि ने न्यायालय को जानकारी देकर आगे की चयन प्रक्रिया शुरू नहीं की है।

# एम्स में टेंडर दिलाने के बहाने युवक से 31 हजार ठगे, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल।** एम्स अस्पताल में किराना सप्लाई के लिए वाहन का टेंडर दिलाने के बहाने एक युवक से 31 हजार पांच सौ रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित ने कई अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार की ठगी की है। साइबर क्राइम थाने के एसआइ देवेंद्र साहू के मुताबिक पुष्पा नगर निवासी अजय साहू (40) निजी कंपनी में काम करते हैं। पिछले साल दिसंबर में चाय की दुकान पर उनकी मुलाकात करोंद निवासी राकेश जैन (55) से हुई थी। बातचीत के दौरान राकेश ने अजय को बताया कि वह एम्स में किराना और अन्य सामान की सप्लाई के लिए वाहन का टेंडर दिलवा सकते हैं। उसने यह भी बताया कि इसके लिए पहले कॉशन मनी जमा करनी होगी। अजय टेंडर लेने के लिए तैयार हो गए तो राकेश ने उससे अपने बैंक ऑफ इंडिया के खाते में 31 हजार पांच सौ रुपये जमा करवा लिए। रुपये जमा करने के बाद राकेश टेंडर दिलवाने के लिए टालमटोल करने लगा। अजय को जब लगा कि उनके साथ ठगी हुई है तो उन्होंने इसकी शिकायत साइबर क्राइम में कर दी। साइबर क्राइम ने शिकायत के आधार पर राकेश के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। इसके बाद उसे करोंद स्थित घर से पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपित राकेश पहले हाउस कीपिंग में सुपरवाइजर का काम करता था। बाद में वह इसी प्रकार से करीब दस लोगों के साथ ठगी कर चुका है, जिसकी जांच की जा रही है। आरोपित का मोबाइल फोन, सिम कार्ड और बैंक पासबुक जब्त कर ली गई है।

# मोबाइल से दर्ज करवा सकेंगे ई-एफआइआर, 24 घंटे में दर्ज होगी रिपोर्ट

**भोपाल।** आमजन को आनलाइन एफआइआर दर्ज कराने की सुविधा के लिए मध्य प्रदेश पुलिस ने ई-एफआइआर सुविधा शुरू की है। गुर्स्वार से इसका ट्रायल रन (परीक्षण) शुरू किया गया है। ई-एफआइआर मोबाइल या वेब के माध्यम से दर्ज कराई जा सकती है। इसमें बड़ी सुविधा यह है कि आनलाइन आवेदन देने के समय से 24 घंटे में संबंधित थाने को एफआइआर दर्ज करनी होगी या उसे रद करना होगा। रद करने पर कारण भी बताना होगा। पुलिस मुख्यालय के राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) ने यह सुविधा शुरू की है। फिलहाल यह परीक्षण के तौर पर है। इसमें अभी 15 लाख रुपये से कम कीमत के वाहन चोरी और एक लाख रुपये से कम कीमत की सामान्य चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है। यह भी शर्त है कि ऐसे मामलों में आरोपित अज्ञात होना चाहिए और घटना में फरियादी के साथ किसी प्रकार का बलप्रयोग न किया गया व उसे चोट न आई हो। एससीआरबी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंचल शेखर ने बताया कि ट्रायल रन में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के बाद विधिवत इस सुविधा का शुभारंभ किया जाएगा। हालांकि आमजन के लिए यह सुविधा ट्रायल रन से ही जारी रहेगी।

### यहां करें आवेदन, ऐसे होगी प्रक्रिया

आनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया या साफ्टवेयर को ई-एफआइआर नाम दिया गया है। इसके लिए मप्र पुलिस की वेबसाइट https://mppolice.gov.in, https://citizen.mppolice.gov.in तथा मप्र पुलिस के मोबाइल एप MPeCOP पर अपनी आइडी से लागिन कर ई-एफआइआर दर्ज कराई जा सकती है। यहां ई-एफआइआर का आप्शन मिलेगा। कुछ सवालों के जवाब देने होंगे। सवालों के आधार पर शिकायत की श्रेणी का विकल्प मिलेगा।आवेदन अपलोड करते ही शिकायतकर्ता को आवेदन प्राप्त होने की सूचना तथा एफआइआर का प्रारूप पीडीएफ रूप में मोबाइल पर प्राप्त होगा। यह आवेदन संबंधित थाने में थाना प्रभारी सहित तीन अधिकारियों को मिलेगा। वे आवेदन के आधार पर धाराओं का उल्लेख करते हुए एफआइआर दर्ज करेंगे। यह एफआइआर 24 घंटे में दर्ज करना अनिवार्य होगा। एफआइआर नंबर की पीडीएफ आवेदक को भेजी जाएगी। यदि आवेदन रद किया जाता है तो कारण सहित इसकी सूचना भी आवेदक के पास पहुंचेगी। मारपीट होने जैसे मामलों में थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह भी दी जाएगी। थानों पर तकनीकी मदद के लिए टीम उपलब्ध कराई गई है।




### बीमा क्लेम में मिलेगा फायदा

एफआइआर दर्ज होने पर वाहन चोरी में 30 दिन में चालान या खात्मा रिपोर्ट पेश करना पुलिस की जिम्मेदारी होगी। वाहन चोरी जैसे मामलों में 30 दिन बाद व्यक्ति पुलिस की ओर से मिली पीडीएफ के आधार पर बीमा क्लेम कर सकता है। अन्य चोरी के मामलों में यह समयसीमा 45 दिन रहेगी। पुलिस को यह फायदा होगा कि थानों पर काम का बोझ कम होगा। मप्र में हर साल करीब 40 हजार वाहन और करीब 10 हजार अन्य तरह की चोरी के मामले सामने आते हैं।

### आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी

शिकायत उसी मोबाइल से की जा सकेगी, जो आधार कार्ड से लिंक होगा। आवेदक को हस्ताक्षर भी करने होंगे। यह हस्ताक्षर आधार कार्ड का नंबर डालने पर स्वत-ई सिग्नेचर के तौर पर दर्ज हो जाएंगे। मालूम हो, ई-एफआइआर की सुविधा अभी दिल्ली, राजस्थान सहित कुछ अन्य राज्यों में है, लेकिन मप्र का माडल और अधिक सुविधाजनक है।

# कार्गो बिजनेस ग्रो करने के लिए रेलवे एक श्रेष्ठ प्लेटफार्म

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे में पार्सल हैंडलिंग के क्षेत्र में अभी काफी स्कोप है यदि ट्रांसपोर्टर एवम लीज होल्डर बिजनेस ग्रो करना चाहते हैं तो वे रेलवे को अपने आईडिया दे कर इस क्षेत्र में नए कार्य कर सकते हैं, कार्गो बिजनेस ग्रो करने के नए आईडिया आप रेलवे को देकर तथा लॉजिस्टिक हब बनाकर कार्गो बिजनेस में आकर इससे अच्छा लाभ कमा सकते है ।इस आशय के विचार पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल शरण माथुर ने मंडल कार्यालय में वाणिज्य विभाग में फ्रेट बिजनेस से जुड़े लीज होल्डर के साथ एक मुलाकात में व्यक्त किए। इस मौके पर श्री माथुर ने बताया कि माल परिवहन के क्षेत्र में रेलवे एक श्रेष्ठ प्लेटफार्म है,अब लोग चाहे तो प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल बनाकर भी लॉजिस्टिक बिजनेस के क्षेत्र में आगे आ जा सकता है इसके साथ ही फ्रेट एग्रीगेटर बनकर भी अच्छा लाभ कमाया जा सकता है ।श्री माथुर ने एसएलआर में बॉक्सेस बनाकर रेलवे से माल को एक स्थान से दूसरे स्थान सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए इन लोगों से नए कांसेप्ट के साथ बिजनेस में नए आईडिया देने का सुझाव मांगा ।इस अवसर पर उन्होंने मंडल से पार्सल एक्सप्रेस चलाने, वीपी चलाने के साथ ही उन्हें जबलपुर की लोकल पैदावार सिंगाड़े, हरा मटर, सीताफल, गेंहू, उड़द, राहर दाल आदि को रेलवे की तीव्र, सस्ती एवम सुरक्षित सेवा का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। मंडल कार्यालय में आयोजित इस मीटिंग में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनोज गुप्ता,मंडल वाणिज्य प्रबंधक देवेश सोनी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे एवम अखिलेश नायक के साथ ही रेलवे में फ्रेट बिजनेस के कार्य से जुड़े लगभग दो दर्जन व्यवसाई भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री रंजन ने अधिकारियों तथा फ्रेट बिजनेस से जुड़े व्यवसायियों का स्वागत करते हुए आव्हान किया कि कोई भी व्यक्ति रेलवे में नए आइडिया लाकर इस क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता है इस अवसर पर व्यवसायियों ने अपने सुझाव तथा समस्याओं से भी रेलवे अधिकारियों को अवगत कराया।



# पमरे से गुजरी विशेष ट्रेनों ने 443 फेरों के माध्यम से 2502 टैंकरों से दूध की आपूर्ति की

**जबलपुर यश भारत । दूध दुरंतो विशेष ट्रेनों के माध्यम से आंध्र प्रदेश के रेनीगुंटा से राष्ट्रीय राजधानी के लिए दूध की आपूर्ति 10 करोड़ लीटर के आंकड़े को पार कर गई है। 26 मार्च, 2020 को शुरुआत के बाद से, इन विशेष ट्रेनों का संचालन दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा निर्बाध रूप से किया जा रहा है और अभी तक 443 फेरों के माध्यम से दूध के 2,502 टैंकरों की आपूर्ति की गई है।**

रेनीगुंटा से नई दिल्ली के लिए रेल के द्वारा दूध की आपूर्ति काफी महत्वपूर्ण है और देश की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए अहम है। कोविड-19 से पहले, नई दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लोगों की दूध की जरूरतों को पूरा करने के लिए साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेनों से दूध के टैंकर जोड़े जा रहे थे। जब देश भर में लॉकडाउन लागू किया गया था, तो इस उद्देश्य से दक्षिण मध्य रेलवे ने विशेष रूप से दूध के टैंकरों के लिए दूध दुरंतो विशेष ट्रेनों के संचालन की अनूठी पहल की थी। जोन रेनीगुंटा से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन की लीटर होती है। अभी तक इन विशेष ट्रेनों ने 443 फेरों में दूध के 2,502 टैंकरों से 10 करोड़ लीटर से ज्यादा दूध की आपूर्ति की है। गुंटकल डिवीजन के अधिकारी माल भेजने वाले ग्राहकों के साथ संपर्क में हैं, जो दूध के लदान की

## जबलपुर सहित तीनों मण्डलों द्वारा दुरंतो संचालन में निर्बाध रूप से सहयोग किया

2300 किलोमीटर की दूरी 30 घंटों के उपयुक्त समय में तय करते हुए मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के अनुरूप इन ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। इस परिचालन में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों द्वारा दूध की आपूर्ति के लिए इन विशेष ट्रेनों के दूध दुरंतो संचालन में निर्बाध रूप से सहयोग किया गया है।

6 टैंकर लेकर चलती थी दूध दुरंतो

दूध दुरंतो विशेष ट्रेनें आम तौर पर दूध के 6 टैंकर लेकर चलती हैं, हरेक टैंकर की क्षमता 40,000 लीटर होती है और इस प्रकार एक ट्रेन की कुल क्षमता 2.40 लाख पेशकश कर रहे हैं और उनकी आवश्कताओं को समझते रहे हैं जिससे कि ट्रेनों के परिचालन में कोई बाधा न आए। इस अनूठी पहल की शुरुआत के बाद से, कोविड के सबसे खराब दौर में भी इन ट्रेनों का संचालन निरंतर जारी रहा है और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला को संतुलित रखने के लिए आगे भी जारी रखा जा रहा है उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल कोविड महामारी के समय में भी देश की बुनियादी जरूरतों की आपूर्ति के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है।

### ठाकुर बाबा के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# आज नाग पंचमी के दिन गांव में नहीं जलते हैं किसी के यहां चूल्हे



**जबलपुर यश भारत।** जिले से 30 किलोमीटर दूर कटंगी रोड के कांटी गांव में ठाकुर बाबा के प्राचीनतम स्थल में आज सुबह से ही दर्शनार्थ हेतु भक्तों का तांता लगा रहा आज नाग पंचमी के दिन इस गांव में ऐसी मान्यता है कि सुबह किसी के घर में चूल्हे नहीं जलते हैं गांव के सभी लोग ठाकुर बाबा प्रांगण में पहुंचकर गक्कड़ भर्ता का विशाल भंडारा करते हैं आज के दिन जबलपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण मैं पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करते हैं और यदि ठाकुर बाबा की विशेष कृपा हुई तो वह भक्तों को दर्शन देने के लिए भी आते हैं गांव के लोगों ने बताया कि यहां की है काफी प्राचीन परंपरा चली आ रही है जिसका निर्वहन आज भी ग्राम के लोग द्वारा किया जा रहा है सुबह से शाम तक भक्तों का यहां पर जमावड़ा लगा रहता है और वह ठाकुर बाबा के दर्शन कर पूर्ण लाभ अर्जित करते हैं गांव के जानकारों ने बताया कि आज के दिन कांटी गांव में किसी के यहां चूल्हे नहीं जलाए जाते सभी ग्रामवासी अपने घर से ठाकुर बाबा प्रांगण पहुंचते हैं जहां पर सामूहिक रूप से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है और इस भंडारे में शामिल होने के लिए हजारों की तादात में भक्तगण यहां पर अपनी हाजिरी लगाते हैं सुबह से ही हवन पूजन आरती का दौर यहां पर शुरू हो जाता है जो देर शाम तक चलता रहता है इस स्थान की ऐसी मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से ठाकुर बाबा के यहां अपनी मिन्नत रखता है ठाकुर बाबा उसकी इस मनोकामना को पूर्ण करते हैं/

## सुनील गुप्ता नागपुर में सम्मानित

जबलपुर। नागपुर में सुनील गुप्ता राष्ट्रीय उपापध्यक्ष कसौधन वैश्य समाज को श्री बागेश्वर बाबा पूजन सामाजिक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ्ज्ञ ही सुशील गुप्ता के द्वारा महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष बंटी गुप्ता के निज निवास में सौजन्य भेंट हुई।



# दिव्य मुस्कान महिला संस्था द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम सम्पन्न

**अनूपपुर।** दिव्य मुस्कान महिला संस्था द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से सन्जू मोर को सचिव एवम निति सिंघल को उपाध्यक्ष पद परनियुक्त किया । संस्था की सभी बहनो ने हरे रंग के अध्यक्ष मंजू गुप्ता ,एवं संरक्षक



परिधान मे सजधज कर हरियाली तीज के उत्सव का आनंद लिया जिसमे संस्था की सभी बहनो की उपस्थिति रही जिसमे हरियाली क्विन का खिताब ममता गुप्ता ने जीता ।अध्यक्ष मन्जू गुप्ता ने मंडल निभा गुप्ता, छाया गुप्ता उपाध्यक्ष नीति सिंघल, सचिव संजू मोर ने सभी बहनो को धन्यवाद एवं हरियाली उत्सव की बधाई दी ।साथ ही अध्यक्ष मन्जू गुप्ता ने आगे के कार्यक्रमो की जानकारी दी।

# बरगी कॉलोनी नंबर 2 सीसी रोड के दोनों ओर नाली निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

**गोटेगांव।** बरगी कॉलोनी क्रमांक 2 से नरसिंहपुर जबलपुर मुख्य मार्ग तक सीसी सड़क का निर्माण हो रहा है इसके दोनों ओर नाली निर्माण होने के लिए स्थानीय पार्षद श्री गीता सारण विश्वकर्मा(गितू भैया) एवं समस्त स्थानीय निवासी जिसमें सभी लोगों ने ज्ञापन में स्वयं के हस्ताक्षर कर गोटेगांव नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ श्री के व्ही सिंह को नगर पालिका पहुंचकर नाली निर्माण हेतु ज्ञापन सौंपा हरदौल वार्ड के बरगी नंबर 2 से नरसिंहपुर जबलपुर मैन रोड तक सीसी रोड का निर्माण हो रहा है जिसमें रोड के दोनों तरफ नालियों का कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है अभी वहां पर सीसी सड़क का निर्माण हो रहा है वह बरगी विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से किया जा रहा है जिसमें नाली निर्माण की राशि स्वीकृत नहीं की गई है अतः महोदय उक्त क्षेत्र में निर्मित लगभग 500 मकान का गंदा पानी एवं बरसाती पानी के भराव से अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामना वार्ड वासियों को करना पड़ता है गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था ना होने से अनेक प्रकार की कठनाइयों का सामना और बीमारी के फैलने का खतरा सदा बना लेता है अतः समस्त वार्ड वासियों ने आपसे इस कठिनाई को देखते हुए नगर पालिका द्वारा सीसी रोड के दोनों ओर नाली का कार्य स्वीकृत कराने की कृपा करें जिससे मकानों से निकलने वाला पानी नाली के द्वारा बेकार निकल सके पार्षद श्री गीता शरण विश्वकर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र में बहुत समय से व्यापारी लोग सरकारी कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक निवास कर रहे हैं जो पूर्णता नगर पालिका एवं अन्य सरकारी टैक्स जमा कर रहे हैं अतः इन नागरिकों को नगर पालिका द्वारा नाली की सुविधा दी जाए ऐसा आपसे हम अनुरोध करते हैं सीएमओ साहब आप नगर पालिका से सीसी सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करें समस्त वार्ड वासी हरदोल वार्ड एवं बोस वार्ड वासी।भी शामिल रहे।



# यातायात को सुव्यवस्थित करने पुलिस प्रशासन सक्रिय

**अनूपपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल ने यातायात व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश पुलिस को जारी किए गए जिस पर सुव्यवस्थित यातायात संचालन के लिए पुलिस अधीक्षक निर्देश पर 11 अगस्त को अनूपपुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कीर्ति बघेल,कोतवाली नगर निरीक्षक खेम सिंह पेन्द्रों, व यातायात प्रभारी वीरेंद्र कुमारे ने यातायात बाधित करने वाले वाहनों पर धारा 283 की कार्यवाही करते हुए कई वाहनों को जप्त किया गया । बुधवार की शाम कोतवाली और यातायात पुलिस ने संयुक्त करते हुए सड़कों के किनारे अतिक्रमण और अव्यवस्थित रूप से खड़े किए जाने वाले वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई । हॉलाकि शाम करीब छह बजे तक पुलिस ने शहर के बस स्टैंड , मुख्य मार्ग, सामतपुर मार्ग, में कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक वाहनों पर जुर्माना और जब्ती की कार्रवाई की।

**यह वाहन जप्त** बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर 2 कारे जो कई दिनों से यातायात को लगातार बाधित कर रही थी उन पर पुलिस कार्यवाही करते हुए दोनों वाहनों को मौके से जप्त कर कोतवाली ले गई वही मुख्य मार्गो पर से पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 1852 व पिकअप वाहन क्रमांक 18 जिए 5069, मजदा वाहन क्रमांक सीजी 10 एल 5097, एक ऑटो वाहन जो स?को में ख? होकर यातयात को बाधित कर रहे थे जिन्हें मौके से जप्त कर कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान कोतवाली व यातायात पुलिस अमला संयुक्त रूप से उपस्थित रहा। **जहां मर्जी वहां वाहन खडा कर दिया** नगर में बस स्टैंड, आदर्श मार्ग, जैतहरी रोड, इंदिरा तिराहा , ऐसे स्थान हैं, जहां पर व्यस्त मार्ग होने के साथ आवाजाही चला करती है। यहां पर वाहन मालिक अपने वाहन ख?ा करके जाने के बाद घंटों नहीं आते हैं। जिससे यातायात बाधित होता है। साथ ही जिस दुकान के आगे वाहन ख? करते हैं, वह दुकानदार रास्ता रुक जाने से परेशान होता है। बुधवार हाट बाजार के दिन स्थिति और बिग? जाती है।





## पंच दिवसीय शिवलिंग निर्माण एवं रूद्र अभिषेक संपन्न

**जबलपुर।** जय मातेश्वरी भक्त परिवार समिति द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल को पुर्णतः ध्यान में रखते हुए गृहस्त संत पंडित तरुण चौबे महाराज जी के सानिध्य मैं पंच दिवसीय शिवलिंग निर्माण एवं रुद्र अभिषेक यज्ञ का प्रसाद वितरण के साथ आज दिनांक 12-08-2021 को शिवशंकर भोलेनाथ की कृपा से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## पीएचई की उदासीनता से नहीं बन पा रही पानी की टंकी

**कुंडम।** कुंडम में लगातार बढ़ती आबादी के कारण प्रस्तावित कुंडेश्वर रोड में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से पाइप लाइन विस्तार सहित पानी की टंकी का निर्माण कर नवीन नलकूप का खनन किया जाना है परंतु पीएचई विभाग की लगातार उदासीनता के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है जिससे लोगों को पेयजल समस्या 12 महीने बनी रहती है ग्राम पंचायत द्वारा भी बार-बार सूचना देकर प्रस्तावित स्थल पर अति शीघ्र टंकी निर्माण किए जाने हेतु एवं नवीन बोर खनन करने हेतु प्रस्ताव भेजा जा चुका है इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है ग्रामीणों ने जल्द से जल्द टंकी निर्माण की मांग की है पीएचई विभाग के एसडीओ सीताराम गुप्ता ने बताया कि अभी स्वीकृति प्रदान भोपाल से होने वाली है जैसे ही स्वीकृति मिलती है वैसे ही टेंडर हो जाएंगे टेंडर होते ही टंकी निर्माण चालू हो जाएगा.

### शहडोल पुलिस को मिली बडी सफलता

# 3 वर्ष पुराने दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**शहडोल।** शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जी जनार्दन व पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी के मार्गदर्शन में थाना खैरहा के अपराध क्रमांक 131/2018 धारा 302, 460 भादवि के अज्ञात आरोपीगणों का सघन अनुसंधान कर खैरहा पुलिस व्दारा अंधी हत्या का खुलासा किया गया है। आरोपी कान्हा कचेर पिता रामकरण कचेर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम करकटी थाना खैरहा जिला शहडोल, लल्ला उर्फ दयाराम बैगा पिता स्व.बननू बैगा उम्र 27 साल निवासी ग्राम करकटी, थाना खैरहा जिला शहडोल, नसीम खान पिता रहमान खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम करकटी थाना खैरहा जिला शहडोल,पिन्टू उर्फ मिथलेश कुशवाहा पिता बाबूलाल कुशवाहा उम्र 26 वर्ष निवासी करकटी थाना खैरहा जिला शहडोल को 15 अगस्त 2018 की रात्रि में ग्राम करकटी के गणेश बैगा व झुरू बैगा की धारदार हथियार से नृशंस हत्या करने के आरोप में चारों आरोपियों को आज गिरफ्तार किया गया है।

# मूकदर्शक बने रहे जिम्मेदार, हो गया अवैध निर्माण

**बघराजी।** कुंडम तहसील के अंतर्गत ग्राम बघराजी मे पंप हाउस के आसपास ग्रामीणों के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की हो? मची है शिकायत करने के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है कार्यवाही के नाम पर अभी तक प्रशासन ने अवैध कब्जा धारियों को नोटिस ही थमाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बघराजी के पंप हाउस के बाजू में मनोज पटेल के द्वारा कब्जा कर मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है शिकायत के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका इसके बाद एक बार पुनः मनोज पटेल के द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मनोज पटेल को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और उसके द्वारा कब्जा कर मकान का निर्माण शुरू किया गया अनेकों बार शिकायत की गई लेकिन किसी भी अधिकारी ने शासकीय जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रोक नहीं सका खास बात यह है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने की शिकायत के बाद राजस्व अधिकारियों ने कोई भी कार्यवाही नहीं किया है और मकान का निर्माण कार्य छत लेवल तक पहुंच गया है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने और शिकायत के बाद भी कार्यवाही ना करने की शिकायत कर जिम्मेदारों के खिलाफ जिला कलेक्टर महोदय से कार्यवाही की मांग की है इस संबंध में ग्राम के सरपंच ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने में ग्राम पंचायत का कोई रोल नहीं है यहां सैकड़ों जगह पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती।



# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र निवासी एक 26 वर्षीय युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी है। हत्या के अपराध में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास व 2 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में, 19 मार्च 2018 की रात 9.15 बजे आरोपी अशोक कुमार पिता रामरतन रैदास, उम्र 26 वर्ष, निवासी गंधिया, थाना जयसिंहनगर, जिला शहडोल द्वारा यह कृत्य किया गया। उसके द्वारा रामबदन बैगा, उम्र 45 वर्ष, निवासी गंधिया, जयसिंहनगर को मौत के घाट उतार दिया गया था।फरियादी रामप्रकाश बैगा पिता रामबदन बैगा, उम्र 23 वर्ष, निवासी द्वारा 20 मार्च को, की गयी रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने चालान तैयार करते हुए प्रकरण न्यायालय में पेश किया। जहां प्रकरण का विचारण किया जाकर, माननीय अपर सत्र न्यायालय जयसिंहनगर, जिला शहडोल द्वारा दिनांक 10 अगस्त 21 को हत्या के अपराध के लिए आरोपी अशोक कुमार रैदास कोनिर्णय पारित करते हुए दंडित किया गया है।

# नगर के लाडले सपूत का हुआ नागरिक अभिनन्दन



**गोटेगांव।** विगत दिवस गोटेगांव शहर की नगर पालिका परिषद एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि पंकज चोकसे एवं भा ज पा जिला उपाध्यक्ष निधान सिंह पटेल का नागरिक अभिनंदन किया गया नगर विकास की कार्यो में सहयोग देने वाले भाजपा नेता निधान सिंह पटेल एवं सांसद प्रतिनिधि कलचुरी समाज के गौरव लाडले नेता पंकज चोकसे को मिले नवीन दायित्व से उत्साहित होकर नगर पालिका के पूर्व एवं निवर्तमान परिषद के सदस्यों द्वारा दोनों नेताओं का पूरे जोश एवं उत्साह के साथ नागरिक अभिनंदन किया गया इस अवसर पर भाजपा के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ तथा युवा कार्यकर्ताओं के साथ प्रबुद्ध नागरिकों तथा प्रशासकीय कर्मचारियों की विशेष उपस्थिति रही उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने गोटेगांव नगर में प्रशासकीय कार्यो की समीक्षा हेतु कलचुरी समाज के जिला अध्यक्ष पंकज चौकसे को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है साथ ही जिला भाजपा संगठन में भाजपा नेता ने दान सिंह पटेल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है उपस्थित सदस्यों ने नेता जनों के स्वागत उपरांत उनकी यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से नगर में जन सेवा के कार्यो को प्रगति मिलेगी अपने सम्मान से अभिभूत होकर सांसद प्रतिनिधि पंकज भाई चौकसे, एवं निधान सिंह पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश अग्रवाल द्वारा किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक हाकम सिंह च?ार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन महेंद्र नागेश भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पटेल अभिषेक पटेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मुकेश चोकसे पंडित जितेंद्र चौबे अशोक पटेल दीपक सोनी विनोद चौरसिया संजू संजू सोनी राजू सोनी दुली चंद विश्वकर्मा महेश च?ार, विकास बड़कुर बी डी सोनी जितेंद्र चाँदोरिया,नगर पालिका इंदिरा।कन्या शाला से प्राचार्य श्रीमती ॠतु जैन, उपयंत्री सौहार्द मात्रे उपयंत्री चंदन सिंह विनोद कहर वीरेंद्र पटेल शरद नेमा अधिमान्य पत्रकार, ठाकुर शक्ति सिंह राजपूत सहित सभी भाजपा जन एवं प्रतिनिधियों की शुभचिंतकों की विशेष उपस्थिति रही।

# गौरी शंकर परसवार सिलावट समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने



गोटेगांव। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी नया बाजार गोटेगांव निवासी गौरीशंकर परसवार को समाज द्वारा की गई बैठक में सर्व सम्मति से सिलावट संघ मध्यप्रदेश का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।विगत रविवार 8 अगस्त 2021 को सिलावट समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया है।इस प्रस्ताव पर उपस्थित सभी लोगों ने श्री परसवार के नाम का समर्थन किया है।उनकी इस नियुक्ति पर सिलावट समाज के सभी लोगों ने श्री गौरी शंकर परसवार को सिलावट समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया है कि प्रदेश में समाज के सभी लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही जाएगी।इस अवसर पर सिलावट समाज गोटेगांव एवं अन्य क्षेत्रों से आये हुए सामाजिक बन्धु उपस्थित रहे।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# विराट कोहली ने इंग्लैंड की सरजमीं पर टेस्ट में नहीं जीता एक भी टॉस

ट्विटर पर फैंस ने किया ट्रोल



नई दिल्ली । टीम इंडिया वर्तमान में 12 अगस्त से लाईस में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है। इस बीच टीम के कुछ मुख्य खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में दोनों टीमें खेल में आगे बढ़ रही थीं। भारत को शार्दुल ठाकुर को टीम से बाहर करने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी है। वहीं, इंग्लैंड को स्टुअर्ट ब्राड की कमी खलेगी, जिन्हें काफ इंजरी के कारण पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा। उधर, भारतीय कप्तान विराट कोहली एक बार फिर से इंग्लैंड में टॉस हार गए। ऐसा आठवीं बार है जब भारतीय कप्तान विराट कोहली को टेस्ट मैच के टॉस में हार मिली। वे अभी तक इंग्लैंड की सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में एक भी टॉस नहीं जीत पाए हैं। इसकी वजह से उनको ट्रोल किया जा रहा है। टेस्ट में भारत की कप्तानी करने के बाद से विराट कोहली ने इंग्लैंड में 8 टेस्ट मैच खेले हैं। 2018 में कोहली ने 5 टॉस गंवाए थे। इस बीच, नॉटिंघम और लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में, वह एक बार फिर टॉस हार गया। इसके अलावा साउथैंप्टन में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी वह टॉस हार गए थे। इस तरह उन्होंने इंग्लैंड की सरजमीं पर अब तक अपने सभी टॉस हारे हैं। हैरान करने वाली बात ये भी रही है कि टॉस हारने के बाद वे सिर्फ एक ही मैच में टीम को जीत दिला सके हैं। इसी को लेकर फैंस ने कहा है कि जब पता है कि विराट कोहली टॉस हार जाते हैं तो फिर टॉस कराने की जरूरत क्या है, सीधा फैसला इंग्लैंड के कप्तान पर छोड़ देना चाहिए।



# केएल राहुल का शतक, भारत ने पहले दिन 3 विकेट पर बनाए 276 रन

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरे मैच लंदन के लार्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट के नुकसान के 276 रन बना लिए थे। केएल राहुल 127 जबकि अजिंक्य रहाणे 1 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

### भारत की बल्लेबाजी, केएल राहुल का शतक

टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने सधी शुरुआत की। ओपनर रोहित शर्मा और केएल राहुल ने शतकीय साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। पहले दिन का पहला सत्र बारिश से प्रभावित रहा और केवल 18.4 ओवर का ही खेल हो सका। लंच तक भारतीय टीम ने बगैर विकेट के 46 रन बनाए थे। बारिश के कारण टास भी लेट हुआ और मैच भी देरी से शुरू हुआ। दूसरे सत्र के खेल में रोहित शर्मा ने अर्धशतक जड़ दिया। रोहित ने 83 गेंद पर 8 चौके की मदद से अपने पचास रन पूरे किए। 145 गेंद पर 11 चौके और 1 छक्के की मदद से रोहित ने 83 रन बनाए। जेम्स एंडरसन की गेंद पर वह बोल्ड होकर वापस लौटे। चेतेश्वर पुजारा एक बार फिर से अच्छी पारी खेलने में नाकाम रहे। 9 रन के स्कोर पर एंडरसन की गेंद पर जॉनी बेयरस्टो को वह कैच दे बैठे।

पिछले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने वाले केएल राहुल ने लार्ड्स में भी हाफ सेंचुरी पूरी की। 137 गेंद पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से उन्होंने पचास रन पूरे किए। राहुल ने 212 गेंद 9 चौके और 1 छक्के की मदद से टेस्ट में छठा शतक पूरा किया। भारत को तीसरा झटका कप्तान विराट कोहली के रूप में लगा। 42 रन बनाकर रोबिन्सन की गेंद पर जो रूट को कैच दे बैठे।

### दोनों टीमों में बदलाव

इस मैच के लिए दोनों टीमों में बदलाव हुए हैं। इंग्लैंड ने तीन बदलाव किए हैं। जैक क्राली की जगह हसीब हमीद, स्टुअर्ट ब्राड की जगह मार्क वुड को शामिल किया गया है और मोइन अली को डेन लारेंस की जगह शामिल किया गया है। टीम इंडिया में एक बदलाव हुआ है। चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह इशांत शर्मा को टीम में शामिल किया गया है।

भारत (प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, रिषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

इंग्लैंड (प्लेइंग इलेवन)

रोरी बर्न्स, डोमिनिक सिबली, हसीब हमीद, जो रूट (कप्तान), जानी बेयरस्टो, जोस बटलर (विकेटकीपर), मोइन अली, सैम कुर्रन, ओली राबिन्सन, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन

### पहला टेस्ट मैच ड्रा

बता दें नाटिंघम में दोनों टीमों के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रा रहा था। टीम इंडिया चौथे दिन मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही थी, लेकिन अंतिम दिन बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी और मैच ड्रा रहा।

### हेड टू हेड

भारत और इंग्लैंड के बीच कुल अबतक 127 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इनमें से टीम इंडिया 29 और इंग्लैंड को 48 जीत मिली है। 50 मैच ड्रा रहे हैं। अगर इंग्लैंड में टेस्ट की बात करें तो भारत का रिकॉर्ड और खराब रहा है। टीम को 63 में से केवल सात मैचों में ही जीत मिली है। इंग्लैंड को 34 मैचों में जीत मिली है और 22 मैच ड्रा रहे हैं। पिछले तीन दौरों की बात करें भारत प्रदर्शन काफी खराब रहा है। 2011 में टीम को 4-0, 2014 में 3-1 और 2018 में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# अजय देवगन की भुज- द प्राइड ऑफ़ इंडिया

नई दिल्ली। 12 अगस्त को अमेज़न प्राइम वीडियो पर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फ़िल्म शेरशाह के बाद आज अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म भुज- द प्राइड ऑफ़ इंडिया डिज़्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर रिलीज़ हो रही है। अगर फ़िल्म का आप बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं तो आपका इंतज़ार बस चंद घंटों में ख़त्म होने वाला है। भुज के रिलीज़ टाइम की जानकारी काजोल ने दी है। काजोल ने फ़िल्म की थिएटर स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया था। अपने अनुभव को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- लम्बे वक़्त बाद मेरा थिएटर एक्सपीरिएंस। रियल लाइफ़ के सभी एक्शन हीरो को मेरा सलाम, जो हमें रोज़ सुरक्षित रखते हैं। भुज आज डिज़्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर शाम 5.35 बजे रिलीज़ होगी।




### क्या है कहानी

भुज- द प्राइड ऑफ़ इंडिया ऐसे मौक़े पर आ रही है, जब इस ऐतिहासिक जंग को 50 साल पूरे हो रहे हैं। अजय भारतीय वायु सेना के स्क्वॉड्रन लीडर विजय कार्णिक के किरदार में हैं, जो उस समय भुज एयरपोर्ट के इंचार्ज थे। 1971 में पाकिस्तान ने ऑपरेशन चंगेज़ ख़ान लॉन्च किया था।

पाकिस्तान ने 14 दिनों में 35 बार भुज एयरफील्ड पर 92 बमों और 22 रॉकेटों से हमला किया था। दुश्मन ने युद्ध के दौरान एयर बेस को तबाह कर दिया था। तब विजय ने नज़दीक स्थित माधापुर गांव की 300 महिलाओं के साथ मिलकर एयर बेस तैयार किया था, ताकि भारतीय वायु सेना के विमान उतर सकें।

### संजय दत्त निभा रहे यह रोल

संजय दत्त स्थानीय ग्रामीण रणछोड़दास पागी के रोल में हैं। एमी विर्क विक्रम सिंह बाज जेठज के किरदार में हैं। सोनाक्षी के किरदार का नाम सुंदरबेन जेठा है। वहीं, नोरा हीरा रहमान नाम का किरदार निभा रही हैं। शरद केल्कर और प्रणिता सुभाष भी अहम किरदारों में नज़र आएंगे। भुज का निर्माण अजय देवगन ने किया है, जबकि निर्देशन अभिषेक दुधइया का है।

### अजय की आख़िरी फ़िल्म तान्हाजी

बतौर एक्टर बात करें तो अजय की आख़िरी रिलीज़ फ़िल्म तानाजी- द अनसंग वॉरियर है, जो 2020 की शुरुआत में रिलीज़ हुई थी। अजय की बतौर निर्माता त्रिभंग नेटफ्लिक्स और द बिग बुल डिज़्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर आ चुकी हैं। अजय अपनी होम प्रोडक्शन फ़िल्म मे-्डे का निर्देशन भी कर रहे हैं। इसके अलावा अजय संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी, एसएस राजामौली की आरआरआर, अमित शर्मा की मैदान और इंद्र कुमार की थैंक गॉड में दिखेंगे।




# सैफ अली ख़ान या करीना कपूर? किसके जैसा लगता है छोटा बेटा जहांगीर...



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर ने जब से छोटे बेटे 'जे' को जन्म दिया है उसके बाद से ही वो लगातार सुर्खियों में है। 'जे' को जन्म को 6 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक करीना के छोटे बेट की एक झलक किसी ने नहीं देखी है। यहां तक की एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर भी 'जे' की जो फोटो शेयर की हैं उनमें उनका चेहरा नज़र नहीं आया है। ऐसे में छोटे नवाब की एक झलक देखने के फैंस काफी बेताब हैं। अब करीना अपने बेटे का चेहरा कब दिखाएंगी ये तो वक्त ही बताएगा, लेकिन फिलहाल एक्ट्रेस ने ये बता दिया है कि वो किस के जैसा लगता है। पिंकविला की खबर के मुताबिक करीना ने अपनी किताब 'करीना कपूर खान्स प्रेग्नेंसी बाइबल में बताया है कि तैमूर किस पर गया है और 'जे' किस पर? खबर के मुताबिक किताब में लिखा है, 'मेरे दोनों बच्चे एक दम अलग-अलग हैं। टिम (तैमूर) सैफ की तरह लगता है और 'जे' मेरी तरह। मैंने महसूस किया है कि जब 'जे' तीन महीने का था तभी वो बहुत इंटेंस और शांत था'।

### करीना ने ट्रोलिंग पर भी तोड़ी चुप्पी...

आपको बता दें कि करीना के छोटे बेटे 'जे' का पूरा नाम जहांगीर है। इस नाम के सामने आने के बाद से करीना को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। अब उन्होंने इस पर भी चुप्पी तोड़ दी है। इंडिया टुडे से बात करते हुए करीना ने कहा, 'मैं एक पॉजिटिव इंसान हूं मैं खुशियां और सकारात्मकता फैलाना चाहती हूं। नेगेटिविटी की मेरे पास कोई जगह नहीं है। देखिए ना कोविड महामारी ने क्या का, वो दुनिया को पास ले आया। हम इन सब चीजों के बारे में सोचना चाहिए। रही बात ट्रोलर्स को डील करने की तो मुझे मेडिटेशन शुरू करना पड़ेगा। सोचिए, हम यहां दो मासूम बच्चों के बारे में बात कर रहे हैं'।

# खत्म हुई कंगना रनोट की फिल्म 'धाकड़' की शूटिंग, आखिरी दिन एक्ट्रेस ने जमकर की मस्ती

नई दिल्ली । बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट की अपकमिंग फिल्म 'धाकड़' की शूटिंग लंबे समय से बुडापेस्ट में चल रही थी और अब फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस बात की जानकारी खुद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम के जरिए फैंस को दी है। शूटिंग के आखिरी दिन पूरी टीम ने जमकर मस्ती की। कंगना ने रैपअप पार्टी की फोटोज़ अपने इंस्टग्राम पर शेयर की हैं जिनमें वो क्रू के साथ सेलिब्रेट करती दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टा पर ढेर सारी फोटोज़ शेयर की हैं, जिनमें वो अपनी बहन रंगोली चंदेल, डायरेक्टर रजनीश घाई और प्रोड्यूसर सोहेल मकलई के साथ केक काटती दिख रही हैं। 'धाकड़' की रैपअप पार्टी में कंगना का लुक देखते ही बन रहा है। इस दौरान एक्ट्रेस सफेद रंग की ट्रांस्पेरेंट ब्रैलेट और व्हाइट ट्राउज़र में दिख रही हैं। इस लुक में कंगना काफी हॉट और सेंशुअस लग रही हैं। देखें फोटोज़ ।इस ड्रेस में कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम पर दो फोटो भी शेयर की हैं जिनमें वो काफी हॉट लग रही हैं। इन तस्वीरों में कंगना के पीछे सनसेट नज़र आ रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कंगना ने गालिब का बहुत ही खूबसूरत सा शेर लिखा है। वह लिखती हैं, 'मोहब्बत में नहीं है फर्क जीने और मरने का, उसी को देखकर जीते हैं जिस काफिर पर दम निकले ।आपको बता दें कि कंगना के साथ इस फिल्म में अर्जुन रामपाल में नज़र आने वाले हैं। फिल्म में कंगना एक एजेंट का भूमिका नहीं रही हैं जिसका नाम होगा 'अग्नि'। वहीं अर्जुन रामपाल रुदवीर नाम के अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अर्जुन और कंगना के अलावा दिव्या दत्ता भी अहम रोल प्ले कर रही हैं। फिल्म की रिलीज़ को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# संस्कारधानी के मूल्यों को ध्यान में रखकर मनाएं त्यौहार

**अब जनता की समस्याओं के हल हेतु प्रशासन ने कसी कमर**

**कोरोना संक्रमण अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है, वर्तमान में केस कम आ रहे हैं। इसलिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि आने वाले त्योहारों में भीड़ इकट्ठी न हो, न ही जुलूस और जलसों का आयोजन हो। संस्कारधानी के मूल्यों को ध्यान में रखकर त्यौहार मनाए जाएं। हमें अतिरिक्त सतर्कता के साथ त्यौहार मनाने होंगे।**

यश भारत PRIME TIME
शाम 4 बजे
www.facebook.com
http://yashbharat.blogspot.com

यह कहना है कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का, जिन्होंने यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में कोरोना काल के बाद की परिस्थितियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और शहर के सामाजिक और आर्थिक विकास के उद्देश्यों और योजनाओं को हमसे साझा किया।

### योजनाओं के क्रियान्वयन , समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का कहना है कि कोरोना वर्तमान में नियंत्रण में है। जिसके बाद अब अन्य गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। एक तरफ जहां अधिकारियों को मोटिवेट किया जा रहा है, वही हितग्राही मूलक योजनाओं को तथा शिकायत निवारण संस्थान को भी सक्रिय किया गया है और हमारा प्रयास है कि लोगों को संक्रमण से बचाते हुए दैनिक क्रियाकलापों को सुचारू रूप से चालू रखा जाए।

### तीसरी लहर को लेकर सावधान

श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान में प्रशासन कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सावधानी बरत रहा है। देश के अन्य राज्यों में जिस तरह से मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ावा हो रहा है ,वहीं मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में भी संक्रमितों की संख्या बढ़ी है। जिसको देखते हुए हम जनता के बीच जाकर सुरक्षा संबंधी उपायों पर चर्चा कर रहे हैं, साथ ही जुर्माना कार्रवाई कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।



**प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा से वार्ता**

### सैंपलिंग को बढ़ावा

कलेक्टर श्री शर्मा कहते हैं कि कोरोना वर्तमान में नियंत्रण में है लेकिन हमें सावधानी रखने की जरूरत है। इसके लिए प्रशासन ने सेंपलिंग पर अत्यधिक जोर दिया है। पहले जहां प्रतिदिन हजार सैंपलिंग की जाती थी वही अब बढ़ाकर साढे पांच हजार सैंपलिंग रोजाना की जा रही है और इसमें जो पॉजिटिव व्यक्ति आ रहे हैं उनको आइसोलेट कर उनकी कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान में वायरल इनफेक्शन जोरों पर है। जिसके लिए उन्होंने पन्द्रह दिन पहले स्वास्थ्य विभाग के साथ मीटिंग कर पांच टीमों का गठन किया गया है, जो लार्वा सर्वे, टेस्टिंग का काम कर रही है। इसके साथ दवाइयों का भी समुचित उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शर्मा जनता को भी इस सतर्कता में भागीदारी करने का आव्हान करते हुए कहते हैं कि, लोग भी अपने घरों में जमा पानी व गंदगी को बाहर निकालें, ताकि वह और उनका परिवार बीमारियों से दूर रह सके।

### जनता से हो सीधा जुड़ाव

कलेक्टर श्री शर्मा कहते हैं कि नगर निगम का क्षेत्र बहुत बड़ा है। जिसमें 14 से 15 लाख आबादी निवास करती है। ऐसे में कोरोना के समय इन क्षेत्रों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया था। इसके लिए उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन क्षेत्रों को चिन्हित किया ,जहां लोगों को समस्याएं ज्यादा थी और इन समस्याओं के समाधान के लिए जोन वार कैंप लगाना शुरू किया, जिसको अभ्युदय नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ जनता से जुडे छोटे-छोटे मुद्दों का सीधे समाधान करना व इसके साथ ही पेंडेंसी वर्क के लक्ष्य को भी पूरा करना है।

### भिक्षावृत्ति मुक्त हो शहर

शहर में जगह जगह भीख मांग रहे बच्चों को लेकर बनाई जा रही कार्ययोजना के विषय में कलेक्टर श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, इसके लिए उन्होंने नगर निगम, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग, पुलिस व एनजीओ के संगठनों के साथ मिलकर एक बैठक की है। जिसमें एक ठोस रणनीति बनाने की बात की गई है और भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों का सर्वे कराकर उनके आर्थिक पक्ष और सामाजिक समस्याओं के निराकरण के आदेश दिए गए हैं उद्देश्य है कि शहर भिक्षावृत्ति मुक्त हो सके।

### सहयोग से हो समस्याओं का निराकरण

जनता से जुड़े मुद्दों पर कलेक्टर श्री शर्मा कहते हैं कि सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में विभिन्न वर्गों की भागीदारी होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया से जुड़े लोगों और शहर के बुद्धिजीवियों वह आम जनता के साथ मिलकर शहरवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक ठोस कार्य योजना बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि जबलपुरवासियों को बेहतर सामाजिक व आर्थिक वातावरण दिया जा सके।

### शहर वासियों से अपील

कलेक्टर श्री शर्मा अपील करते हुए कहते हैं कि लंबे समय से हम संक्रमण से जूझ रहे थे, जिसके बाद अब संक्रमण पर काबू पाया गया है। लेकिन कोरोना वायरस अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इसके लिए जरूरी है कि हम लोग सतर्क रहें, व कोरोना के नियमों का पालन करें जिसमें मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग अति महत्वपूर्ण है।ताकि हम संक्रमण से सुरक्षित रख अपने आर्थिक व सामाजिक पक्ष को मजबूत कर सकें।

# पाटन विधायक की अगुवाई में भोपाल में भाजपा विधायक-पूर्व मंत्रियों की मीटिंग

## सरकार की कमियों को गिनाने हर माह होगी बैठक

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश सरकार की कमियों को गिनाने के लिए अब उनके पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री ही आगे आएंगे। इसके लिए जबलपुर से पाटन विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई के अगुवाई में भोपाल में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें पार्टी के वर्तमान से लेकर पूर्व विधायक शामिल हुए।



बैठक में विधायकों ने निर्णय लिया कि अब हर माह बैठक आयोजित होगी जिसमें मप्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन होगा। कहां पर कमियां है,और कैसा सुधार किया जा सकता है इसके बारे में विधायक अपनी राय सरकार को देंगे।

दूसरी तरफ बीजेपी विधायकों की अचानक से बैठक होने पर प्रदेश की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। लेकिन भाजपा विधायक तमाम चर्चाओं का खंडन करते हुए इस बात पर अड़े हैं कि प्रदेश का विकास हो, रोजगार से लेकर उद्योगों को बढ़ावा मिले जनता को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए यह बैठकें आयोजित होंगी।

### बैठक में ये हुए शामिल

भोपाल में पूर्व मंत्री अजय विश्नोई के निवास स्थान पर आयोजित हुई बैठक में पूर्व मंत्री गौरीशंकर शेजवार, पूर्व मंत्री विधायक राजेंद्र शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, पूर्व मंत्री दीपक जोशी शमिल थे। बैठक में पूर्व मंत्री और विधायकों ने तय किया प्रदेश सरकार की कमियों गिनाने के लिए हर माह बैठक होगी। पूर्व मंत्री और विधायकों ने कहा कि इस तरह की बैठक का मकसद सरकार की अच्छाई है अब सरकार ये माने या न माने लेकिन इसी तरह से बैठक कर मप्र सरकार की कमियों पर मंथन कर मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी जाएगी।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष

जबलपुर, यशभारत। थाना मझौली अंतर्गत अपासी रंजिश के चलते दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक को गंभीर अवस्था में एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती किया गया है। आरोपियों ने एकराय होकर लाठी से हमला कर सिर खोल दिया, वहीं अन्य घायल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार प्रदीप सिंह गौड़ उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पठरा ने पुलिस को बताया कि वह एंव रंजीत, किसन , अर्जुन सिंह के घर की परछी में अर्जुन सिंह के साथ बैठे थे उसी समय त्रिलोक सिंह , राजरतन सिंह और मंजो बाई आये और गाली देते हुए लड़ने लगे। त्रिलोक सिंह ने लाठी से हमला कर अर्जुन सिंह का सिर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। राजरतन एंव मंजो बाई ने हाथ मुक्कों से मारपीट की, वह बीच बचाव करने लगा तो त्रिलोक सिंह एवं राजरतन सिंह ने लाठी से हमला कर घायल कर दिया तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। वह एवं अर्जुन सिंह उपचार हेतु एम्बुलेंस से मझौली अस्पताल गये थे जहां अर्जुन सिंह को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# आज से जबलपुर मंडल में दौड़ेंगी मेमू ट्रेन

### छोटे स्टेशनों के यात्रियों को मिलेगा लाभ

*जबलपुर यश भारत। जबलपुर मंडल की बहुप्रतीक्षित मेमू ट्रेन को आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मंडल की तीन मेमू ट्रेन (मेन लाईन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट) के इस कार्यक्रम में श्री चौहान वर्चुअल माध्यम से सतना एवं कटनी के कार्यक्रमों में जुड़कर इसे आज शाम 04 बजे हरी झंडी दिखाएंगे. इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे को प्राप्त हुई मेमू ट्रेनों को प्रारंभ करने के लिए स्थानीय सांसदों ने अपने अपने सुझाव रेलवे को दिए थे जिसके तहत मंडल ने इन्हें प्रारंभ करने का निर्णय लिया है. जिसके तहत सतना एवं कटनी में एक साथ शाम 16.00 बजे आयोजित कार्यक्रम में सतना के सांसद गणेश सिंह,कटनी में सांसद बी.डी.शर्मा से तथा जबलपुर में सांसद राकेश सिंह को इस कार्यक्रम में उपस्थित हेतु रेलवे ने आमंत्रित किया है.। मंडल में इस मेंमू ट्रेन के माध्यम से लोग छोटे स्टेशनों पर अपने सामाजिक, धार्मिक ,आध्यात्मिक तथा व्यापारिक गतिविधियों के लिए एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक आने जाने की सस्ती सुविधा का लाभ उठा सकेंगे इसके साथ ही मासिक सीजन टिकट एम एस टी की सुविधा भी प्रारंभ हो जायेगी। जिसके तहत एमएसटी धारी अप डाउन करने वाले यात्री अपनी यात्रा मेमू ट्रेन में कर सकेंगे।



**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिखाएंगे हरी झंडी**

### राहत : अब एम एस टी भी शुरू होगी

### आठ कोच रहेंगे

मुंबई की लोकल ट्रेन के तर्ज की 08 डिब्बों की यह मेमू ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, इसके प्रत्येक डिब्बे में 84 यात्रियों के बैठने एवं खड़े रहने के लिए जगह रहेगी ।प्रतिदिन चलने वाली इस ट्रेन से ग्रामीणों सहित स्टेशन के लोगों को अत्यधिक लाभ होगा।

# बबलू पंडा हत्या कांड
# 5 ने दिया वारदात को अंजाम, 2 बंधे

**जबलपुर, यशभारत।** मंडला के उदयपुर ढाबा में हुई हिस्ट्रीशीटर बबलू पंडा की हत्या मामले में मंडला पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी जबलपुर के हैं। इस जघन्य वारदात को 5 लोगों ने अंजाम दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में हत्या का प्रमुख कारण अवैध संबंध, गैंगवार और जुआफड़ विवाद सामने आया है। हालांकि पुलिस जांच में जुटी है। मंडला पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने बताया कि बदमाश बबलू पंडा की दरमियानी रात क्षेत्र के उदयपुरा स्थित दशमेश ढाबा में गोली मारकर हत्या की गई। हत्या करने वालों में बरेला जबलपुर निवासी एक युवक और उसके साथियों का नाम सामने आया है। पुलिस दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि बबलू पंडा को चार



गोलियां लगी हैं। हमला उस समय हुआ, जब बबलू पंडा अपने गुट के गुर्गों के साथ ढाबे पर पहुंचा था। दोनों ओर से 35-40 राउंड गोलियां चलाई गईं।

### बरेला युवक से हो गई खुन्नस

बरेला निवासी युवक को गांजा तस्करी में जबलपुर पुलिस जेल भेज चुकी है। पिछले डेढ़ साल से वह बबलू पंडा के साथ पार्टनरशिप में बीजाडांडी के उदयपुरा जंगल में जुआ खिलवाने लगा। आरोपी ने लाखों रुपए कमाए। बबलू ने युवक को गलत संगत में डाल दिया। शराब व अय्याशी में उसके लाखों रुपए खर्च हो गए। युवक के हाथ खाली होने के बाद बबलू पंडा बीजाडांडी में अकेले जुआ खिलवाने लगा।

### दो गिरफ्तार

बीजाडांडी पुलिस ने ब्यौहारबाग जबलपुर निवासी एक युवक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी भी घायल हैं। एक युवक की मां से बबलू पंडा के मधुर संबंध थे। युवक ब्यौहारबाग में पान का ठेला लगाता था।

# लार्डगंज में नर्स का मोबाइल छीना

**जबलपुर, यशभारत ।** थाना लार्डगंज अंतर्गत ड्यूटी खत्म होने के बाद अस्पताल से पैदल घर जा रही एक नर्स से छपट्टा मारकर, सरेराह बाइक सवार युवकों ने मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पी?िता ने थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस अब स्थानीय सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार लक्ष्मी मेसराम उम्र 32 वर्ष निवासी गढ़ाफाटक ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह भारत हास्पिटल रानीताल में स्टाफ नर्स का काम करती है। रात में वह वह अपनी डियूटी के बाद पैदल मोबाइल पर बात करते हुये अपने घर जा रही थी। जैसे ही छोटी मस्जिद के पास पहुंचने वाली थी तभी पीछे से एक एक्टिवा/एक्सिस स्कूटी जैसी गाड़ी में सवार 2 अज्ञात लड़के जिनकी उम्र लगभग 20-25 वर्ष होगी, बगल से गाड़ी निकालते हुए उसके हाथ से उसका मोबाइल चोरी कर शंकर घी भण्डार की ओर भाग गये।

# खेत में गाय ने मारा सींग , वृद्ध की दर्दनाक मौत

**जबलपुर, यशभारत।** खेत में काम करते हुए एक वृद्ध को गाय ने अचानक ऐसे सींग मारी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों और अन्य लोगों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से उसे देर रात जबलपुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। विजय नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर, कार्रवाई को अंजाम दिया। विजय नगर पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उमाप्रसाद पांडे उम्र 80 वर्ष पन्ना के निवासी है और खलिहान में कार्य करते हुए गाय ने सींग मार दिया। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )